


राष्ट्रीय दैनिक

# बुद्ध का संदेश

हिन्दी समाचार पत्र

लखनऊ,कानपुर,कन्नौज,बरेली,सीतापुर,सोनभद्र,गोण्डा,बाराबंकी,बलरामपुर,श्रावस्ती,बहराइच,अम्बेडकरनगर,फैजाबाद, बस्ती, संतकबीरनगर,गोरखपुर,कुशीनगर,देवरिया,महाराजगंज,सिद्धार्थनगर में एक साथ प्रसारित।


राम चरण की आगामी फिल्म आरसी 16 में ...8




दैनिक बुद्ध का संदेश | 9795951917,9415163471 | @budhakasandesh | budhakasandeshnews@gmail.com | www.budhakasandesh.com

सोमवार, 24 अप्रैल 2023 सिद्धार्थनगर संस्करण | www.budhakasandesh.com | वर्षः 10 अंकः 123 पृष्ठ 8 आमंत्रण मूल्य 2/–रूपया

लखनऊ सुचीबद्ध कोड– SDR-DLY-6849, डी.ए.वी.पी.कोड–133569 | सम्पादक : राजेश शर्मा | उत्तर प्रदेश सरकार एवं भारत सरकार (DAVP) से सरकारी विज्ञापनों के लिए मान्यता प्राप्त


## अमृतपाल सिंह को उसी गांव से गिरफ्तार किया गया, जहां उसे वारिस पंजाब दे का प्रमुख बनाया गया था

चंडीगढ़। खालिस्तान समर्थक अलगाववादी अमृतपाल सिंह को पंजाब में मोगा के रोडेध गांव में लगभग सात महीने पहले आयोजित एक कार्यक्रम में संगठन 'वारिस पंजाब दे' का प्रमुख नियुक्त किया गया था। इस संगठन की स्थापना अभिनेता एवं कार्यकर्ता दीप सिद्धू द्वारा की गई थी। दीप सिद्धू की पिछले साल फरवरी में एक सड़क हादसे में मौत हो गई थी। रोडेध गांव में 'दस्तार बंदी' (पगड़ी बांधना) कार्यक्रम में 29 सितंबर, 2022 को अमृतपाल सिंह को 'वारिस पंजाब दे' का प्रमुख नियुक्त किया गया था। रोडे/मृतक आतंकवादी जरनैल सिंह भिंडरावाले का पैतृक गांव है। अमृतसर शहर के बाहरी इलाके में अजनाला में सैकड़ों हथियारबंद लोगों द्वारा एक थाने में घुसने की घटना के केंद्र में रहा 29 वर्षीय अमृतपाल वह नाम है जिसने केंद्र और राज्य, दोनों सरकार को निशाने पर लिया। अमृतपाल को मोगा जिले में रोडेध गांव से रविवार सुबह गिरफ्तार कर लिया गया। वह एक महीने से अधिक समय से फरार था। पुलिस ने कहा कि अमृतपाल को असम के डिब्रूगढ़ में एक जेल भेज दिया गया। एक पुलिस अधिकारी ने एक वीडियो में अमृतपाल द्वारा किए गए दावे को खारिज किया। सोशल मीडिया पर आए इस वीडियो में अमृतपाल ने आत्मसमर्पण करने का दावा किया था। वीडियो में अमृतपाल को यह कहते सुना जा सकता है, ''ईश्वर की अदालत में मैं दोषी नहीं हूं लेकिन दुनिया की अदालत में मैं दोषी हो सकता हूं।'' रविवार को अमृतपाल का एक और वीडियो सामने आया, जिसमें उसे भिंडरावाले की एक तस्वीर के सामने सिर झुकाते देखा जा सकता है। अमृतपाल, भिंडरावाले की तरह कपड़े पहनता है। वह सफेद चोला और गहरे नीले रंग की पगड़ी पहने तथा अक्सर हथियारबंद समर्थकों के साथ घिरा रहता था और उग्र भाषण देता था। गत 18 मार्च को पंजाब पुलिस ने




अमृतपाल तथा उसके साथियों के खिलाफ कार्रवाई शुरू की। जालंधर में उसका काफिला रोका गया, लेकिन वह वाहन बदलकर पुलिस को चकमा देकर फरार हो गया था। पंजाब पुलिस ने खालिस्तान समर्थक के खिलाफ सख्त राष्ट्रीय सुरक्षा कानून (एनएसए) लगाया था। अमृतपाल की गिरफ्तारी से पहले पुलिस ने उसके अहम सहयोगी पपलप्रीत सिंह और जोगा सिंह को गिरफ्तार किया था। इससे पहले अमृतपाल सिंह अपने परिवार के ट्रांसपोर्ट के कारोबार में काम करता था। सिंह को उस संगठन का प्रमुख बनाया गया जिसे सिद्धू ने ''पंजाब के अधिकारों की रक्षा करने और सामाजिक मुद्दों को उठाने के'' नाम पर बनाया था। भिंडरावाले का अनुयायी होने का दावा करने वाले अमृतपाल सिंह अमृतसर के जल्लूपुर खेड़ा गांव का रहने वाला है। वह मारे गए आतंकी भिंडरावाले की तरह हथियारबंद लोगों के साथ घूमता है। अमृतपाल के कुछ समर्थक उसे भिंडरावाले का दूसरा संस्करण कहते हैं। सिंह ने फरवरी में अपने पैतृक गांव जल्लूपुर खेड़ा में एक सादे समारोह में ब्रिटेन में रहने वाली अनिवासी भारतीय (एनआरआई) किरणदीप कौर से शादी की थी। पुलिस द्वारा गत 28 मार्च को पीछा किए जाने के बाद कुछ संदिग्धों द्वारा एक वाहन छोड़कर जाने के बाद होशियारपुर में अमृतपाल को पकड़ने के लिए एक बड़ा अभियान चलाया गया था। फरार होने के दौरान सोशल मीडिया मंच पर सिंह के दो वीडियो और एक ऑडियो क्लिप सामने आए थे।

उनमें से एक क्लिप में, उसने अकाल तख्त जत्थेदार से सिखों से संबंधित मुद्दों पर चर्चा करने के लिए सरबत खालसा बैठक बुलाने का आग्रह किया था और समुदाय के सदस्यों से बड़ी संख्या में इसमें भाग लेने के लिए कहा था। अमृतसर ग्रामीण के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सतिंदर सिंह के एक हलफनामे के अनुसार अमृतपाल ''खालिस्तान'' नाम से एक अलग राष्ट्र बनाने के वास्ते राज्य के खिलाफ युद्ध छेड़ने के लिए सक्रिय रूप से शामिल है। यह हलफनामा मार्च में यहां पंजाब और हरियाणा उच्च न्यायालय में दाखिल किया गया था।

## पीएम रखेंगे डिजिटल साइंस पार्क की आधारशिला

नई दिल्ली। देश को पहली वाटर मेट्रो की सौगात मिलने वाली है। इस वाटर मेट्रो की शुरुआत केरल में होगी जिसका शुभारंभ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सोमवार से शुरू होने वाली केरल की दो–दिवसीय यात्रा के दौरान करेंगे। ये मेट्रो देश में चलने वाली अन्य मेट्रो से बेहद अलग होने वाली है। ये मेट्रो आम तौर पर चलने वाली पटरियों पर नहीं चलेगी बल्कि ये मेट्रो पानी पर चलेगी। बता दें कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी यहां मंगलवार को देश के पहले 'डिजिटल साइंस पार्क' की आधारशिला रखेंगे। यह 1,500 करोड़ रुपये की परियोजना है। एक सरकारी विज्ञप्ति में कहा गया है कि तीसरी पीढ़ी का यह पार्क टेक्नोपार्क फेज–चार –'टेक्नोसिटी' में केरल डिजिटल विश्वविद्यालय के करीब बनेगा। विज्ञप्ति के अनुसार, केरल के राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खान, मुख्यमंत्री पिनराई विजयन, केंद्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव, वामपंथी सरकार के विभिन्न मंत्री और कांग्रेस के तिरुवनंतपुरम से सांसद शशि थरूर इस कार्यक्रम में शामिल होंगे।

ऐसी होगी वॉटर मेट्रोः वॉटर मेट्रो के परिचालन से संबंधित तैयारियां पूरी हो गई है। इसके लिए कुल 14 टर्मिनलों का निर्माण किया गया है। प्रशासन ने शुरुआत में 23 वाटर बोट्स की व्यवस्था की है। माना जा रहा है कि कोच्चि जैसे तटीय इलाके के लिए वाटर मेट्रो सुविधाजनक हो सकती है, जिससे यात्रा का अनुभव भी अलग होगा। सरकार आने वाले समय में वाटर मेट्रो के नेटवर्क को विस्तार देने पर भी विचार कर रही है। 'डिजिटल साइंस पार्क' परियोजना की परिकल्पना एक बहु–विषयक




क्लस्टर–आधारित 'इंटरैक्टिव–इनोवेशन जोन' के रूप में की गई थी और इसके दो साल में पूरा होने की उम्मीद है। विज्ञप्ति में कहा गया है कि 1,500 करोड़ रुपये से अधिक के कुल परियोजना परिव्यय में से 200 करोड़ रुपये राज्य सरकार द्वारा पहले ही आवंटित किये जा चुके हैं और शेष राशि उद्योग भागीदारों सहित अन्य स्रोतों से उत्पन्न की जाएगी।

पीएम के दौरे से पहले धमकी भरा पत्र भेजने वाला व्यक्ति गिरफ्तारः केरल पुलिस ने रविवार को उस व्यक्ति को गिरफ्तार किया, जिसने कथित तौर पर एक पत्र भेजकर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पर आत्मघाती हमला करने की धमकी दी थी। प्रधानमंत्री 24 और 25 अप्रैल को विभिन्न कार्यक्रमों में शामिल होने के लिए राज्य का दौरा करेंगे। पुलिस ने बताया कि कोच्चि निवासी जेवियर को कथित रूप से दूसरे व्यक्ति के नाम से धमकी भरा पत्र लिखने के आरोप में गिरफ्तार किया गया है। शहर के पुलिस आयुक्त के सेतु रमन ने बताया, ''हमने मामले की वैज्ञानिक तरीके से जांच करने के बाद उस व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। यह मामला व्यक्तिगत प्रतिशोध का है। वह चाहता था कि पत्र में उल्लेखित व्यक्ति को गिरफ्तार किया जाये।'' कोच्चि निवासी एन. जे. जॉनी के नाम से मलयालम में लिखा गया पत्र भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की केरल इकाई के अध्यक्ष के. सुरेंद्रन के कार्यालय में प्राप्त हुआ था और बाद में इस पत्र को पिछले सप्ताह पुलिस को सौंप दिया गया। अपर पुलिस महानिदेशक (खुफिया) की एक रिपोर्ट मीडिया में प्रसारित होने के बाद शनिवार को पत्र की खबर सामने आई थी। यह खबर सामने आने के बाद सुरेंद्रन ने मीडिया से मुलाकात की और कहा कि उन्होंने धमकी भरा पत्र एक सप्ताह पहले राज्य पुलिस प्रमुख को सौंपा था। जॉनी ने कल मीडिया से मुलाकात की थी और दावा किया था कि वह निर्दोष है। उन्होंने कहा, ''पुलिस ने मुझसे पूछताछ की है। मैंने उन्हें सभी जानकारी दी है। उन्होंने लिखावट और हर चीज की जांच की है।''

## भारत में फिर बढ़ रहा कोरोना का कोहराम

### सामने आए 10 हजार से अधिक मामले

नई दिल्ली। भारत में कोरोना वायरस संक्रमण का प्रकोप कम होने का नाम नहीं ले रहा है। एक बार फिर से कोरोना वायरस संक्रमण के मामले लगातार बढ़ते जा रहे हैं। जानकारी के मुताबिक लगातार पांचवे दिन भारत में कोरोना के 10 हजार से अधिक मामले दर्ज किए गए है। भारत में रविवार को एक दिन में कोविड–19 के 10,112 नए मामले सामने आए जबकि उपचाराधीन मरीजों की संख्या बढ़कर 67,806 हो गयी है। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय के सुबह आठ बजे तक के अद्यतन आंकड़ों के अनुसार, भारत में कोविड–19 के कुल मामलों की संख्या बढ़कर 4.48 करोड़ (4,48,91,989) हो गयी है। संक्रमण से 29 लोगों के जान गंवाने से मृतकों की संख्या बढ़कर 5,31,329 हो गयी है। इन मृतकों में केरल द्वारा मौत के आंकड़ों का पुनर्मिलान करने के बाद जोड़े गए सात और मामले भी शामिल हैं। आंकड़ों के अनुसार, संक्रमण की दैनिक दर 7.03 फीसदी रही और साप्ताहिक संक्रमण दर 5.43 प्रतिशत दर्ज की गयी। उपचाराधीन मरीजों की संख्या संक्रमण के कुल मामलों का 0.15 प्रतिशत है। कोविड–19 से स्वस्थ होने की राष्ट्रीय दर 98.66 फीसदी है। इस बीमारी से उबरने वाले लोगों की संख्या बढ़कर 4,42,92,854 हो गयी है जबकि मृत्यु दर 1.18 फीसदी दर्ज की गयी। मंत्रालय की वेबसाइट के अनुसार, देशव्यापी कोविड–19 रोधी टीकाकरण अभियान के तहत अभी तक 220.66 करोड़ खुराकें दी जा चुकी हैं।



## केदारनाथ में हेलीकॉप्टर के पंखे की चपेट में आने से अधिकारी की मौत

रुद्रप्रयाग। केदारनाथ में रविवार को हेलीकॉप्टर के पंखे की चपेट में आने से एक सरकारी अधिकारी की मृत्यु हो गई। रुद्रप्रयाग की पुलिस अधीक्षक डॉ. विशाखा अशोक भदाणे ने बताया कि हादसा दोपहर के समय केदारनाथ में जीएमवीएन हेलीपैड पर तब हुआ जब हेलीकॉप्टर में बैठने के लिए आ रहे अमित सैनी टेल रोटर की चपेट में आ गए। उन्होंने बताया कि हादसे में सैनी की गर्दन में गंभीर चोटें आईं जिससे उनकी मृत्यु हो गई। सैनी (35) राज्य सरकार के उड्डयन विभाग से संबंधित एजेंसी उत्तराखंड नागरिक उड्डयन विकास प्राधिकरण (युकाडा) में वित्त नियंत्रक के पद पर कार्यरत थे और केदारनाथ यात्रा शुरू होने से पहले हेलीकॉप्टर सेवाओं से जुड़ी व्यवस्थाओं के निरीक्षण के लिए मौके पर पहुंची टीम में शामिल थे। रुद्रप्रयाग के जिला आपदा प्रबंधन अधिकारी नंदन सिंह रजवार ने बताया कि अपराह्न सवा दो बजे के आसपास यह हादसा क्रिस्टल एविएशन के हेलीकॉप्टर से हुआ और उस समय टीम केदारनाथ में निरीक्षण करने के बाद वापस लौटने वाली थी। केदारनाथ के कपाट 25 अप्रैल को खुलने हैं।



## महाराष्ट्र की राजनीति में फिर आ सकता है भूचाल

### संजय राउत ने किया दावा, कहा– जल्द गिरेगी राज्य की सरकार

मुंबई। महाराष्ट्र में एक बार फिर से राजनीतिक बयानबाजी तेज हो गई है। इस बार शिवसेना (उद्धव बालासाहेब ठाकरे) के नेता संजय राउत ने 23 अप्रैल को दावा किया है। उन्होंने बड़ा दावा करते हुए कहा कि महाराष्ट्र में एकनाथ शिंदे के नेतृत्व वाली महाराष्ट्र सरकार का ''डेथ वारंट'' जारी हो गया है। उन्होंने कहा कि आगामी 15 से 20 दिनों में ही सरकार गिरने वाली है। शिवसेना के पूर्व मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे की अगुवाई वाले धड़े के प्रमुख नेता राउत ने पत्रकारों से कहा कि उनकी पार्टी अदालत के आदेश का इंतजार कर रही है और उम्मीद कर रही है कि न्याय किया जाएगा। राज्यसभा सदस्य उच्चतम न्यायालय में लंबित उन याचिकाओं का जिक्र कर रहे थे जिनमें से एक में शिवसेना (शिंदे धड़े) के 16 विधायकों को अयोग्य ठहराने का अनुरोध किया गया है जिन्होंने ठाकरे के नेतृत्व के खिलाफ बगावत की थी। राउत ने दावा किया, ''मौजूदा मुख्यमंत्री और उनके 40 विधायकों की सरकार 15–20 दिन में गिर जाएगी। इस सरकार का डेथ वारंट जारी हो गया है। अब यह तय होना है कि कौन इस पर हस्ताक्षर करेगा।'' शिवसेना (यूबीटी) के नेता ने पूर्व में भी दावा किया था कि शिंदे सरकार फरवरी में गिर जाएगी। बता दें कि ये कोई पहला मौका नहीं है जब महाराष्ट्र में सराकर को लेकर इस तरह की भविष्यवाणी की गई है। महाविकास अघाड़ी सरकार के गिरने के संबंध में विपक्ष में बैठे भाजपा नेता भविष्यवाणी करते थे। इससे पहले संजय राउत ने एनसीपी नेता अजित पवार को लेकर भी बड़ा बयान दिया था। उन्होंने कहा था कि अजित पवार में राज्य का मुख्यमंत्री बनने की काबिलियत है। उनके पास प्रशासनिक अनुभव काफी अधिक है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री हर व्यक्ति बनना चाहेगा और अजित पवार में ये योग्यता भी है। वो वर्षों से राजनीति में है और कई अहम मंत्रीपद संभाल चुके है। वो दो बार उपमुख्यमंत्री रह चुके है।



## हरित परियोजनाओं के लिए मिश्रित वित्त साधनों के इस्तेमाल की अनुमति दे सकता है वित्त मंत्रालय

नयी दिल्ली। वित्त मंत्रालय वित्तीय संस्थानों को हरित जलवायु परियोजनाओं में निवेश करने के लिए मिश्रित वित्त साधनों से धन जुटाने की अनुमति देने दे सकता है। सूत्रों ने बताया कि मंत्रालय इसकी संभावनाएं तलाश रहा है। मिश्रित वित्त में निजी क्षेत्र के निवेश के लिए सार्वजनिक क्षेत्र या परमार्थ के वित्तीय संसाधनों से चरणबद्ध तरीके से लाभ उठाया जाता है। इससे उच्च जोखिम और लंबी अवधि की परियोजनाओं में निजी निवेश को बढ़ावा मिलता है। सूत्रों ने कहा कि मिश्रित वित्त का उपयोग नए और उभरते क्षेत्रों में निवेश को बढ़ावा देता है। इससे निवेशकों को वित्तीय प्रतिफल मिलता है और टिकाऊ वृद्धि में योगदान देने वाली परियोजनाओं को पूंजी मिलती है। सूत्रों ने कहा कि अभी इसकी समीक्षा की जानी है और मंत्रालय अभी इस बारे में हर नजरिये से विचार कर रहा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 2021 में ग्लासगो में घोषणा की थी कि भारत 2070 तक शुद्ध शून्य उत्सर्जन के लक्ष्य को हासिल करेगा। मिश्रित वित्त इस लक्ष्य को हासिल करने में मदद कर सकता है।








## नीतीश कुमार का बीजेपी नेता पर फूटा गुस्सा, कहा– उनमें बुद्धि नहीं है

पटना। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की बिहार इकाई के अध्यक्ष सम्राट चौधरी द्वारा अगले लोकसभा व विधानसभा चुनाव में मुख्यमंत्री नीतीश कुमार और उनकी पार्टी को 'मिट्टी में मिला देने' की टिप्पणी किए जाने के एक दिन बाद कुमार ने पलटवार करते हुए कहा कि भाजपा के नेता ''बुद्धिहीन'' हो गए हैं। पत्रकारों ने रविवार को जनता दल (यूनाइटेड) के नेता कुमार से सम्राट चौधरी की टिप्पणी को लेकर सवाल किया जिसमें उन्होंने कहा था कि ''कुमार को उनके विश्वासघात के लिए मिट्टी में मिला देंगे।'' कुमार ने कहा,''वे (भाजपा नेता) बुद्धिहीन लोग हैं।

उन्हें (सम्राट चौधरी) बता दीजिए कि जो उन्होंने कहा है वे करें। मैंने अपने पूरे राजनीतिक करियर में कभी ऐसे शब्दों का इस्तेमाल नहीं किया है। कोई भी संवेदनशील नेता ऐसे शब्दों का इस्तेमाल नहीं करेगा। मैंने अटल बिहारी वाजपेयी के साथ भी काम किया है और उनके प्रति अगाध सम्मान है।'' भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ने शनिवार को एक कार्यक्रम में कहा था कि नीतीश कुमार ने प्रधानमंत्री पद की अपनी महत्वकांक्षा को ''पूरा'' करने के लिए भाजपा की पीठ में ''छुरा घोंपकर'' लालू प्रसाद यादव की पार्टी राष्ट्रीय जनता दल (राजद) से हाथ मिला लिया। उन्होंने कहा था, ''भाजपा की मदद से नीतीश कुमार पांच बार मुख्यमंत्री बने। अब जद–यू धूल फांकेगा ... भाजपा नीतीश कुमार को 2024 के लोकसभा चुनाव और वर्ष 2025 के विधानसभा चुनाव में मिट्टी में मिला देगी।'' अगले साल होने वाले लोकसभा चुनाव में भाजपा का मुकाबला करने के लिए विपक्षी दलों का गठबंधन बनाने की अपनी कोशिशों के बारे में कुमार ने कहा, ''हम भाजपा के खिलाफ देश के अधिक से अधिक दलों को एकजुट करने की कोशिश कर रहे हैं। हम सभी प्रयास करेंगे और एकजुट होकर काम करेंगे।'' उन्होंने कहा, ''हाल में मैंने नयी दिल्ली में कई विपक्षी नेताओं से मुलाकात की। मेरा मकसद आम चुनाव से पहले भाजपा के खिलाफ विपक्षी दलों को एकजुट करना है।'' जब उनसे पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी से मुलाकात की योजना के बारे में पूछा गया तो कुमार ने कहा, ''जब भी मैं उनसे मिलूंगा, आपको सूचित कर दूंगा।'' गौरतलब है कि कुमार ने अपने उपमुख्यमंत्री तेजस्वी यादव के साथ हालिया दिल्ली दौरे के दौरान कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे और पार्टी नेता राहुल गांधी से मुलाकात की थी। इसके अलावा उन्होंने दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल सहित कई नेताओं से मुलाकात की थी। कुमार पहले ही स्पष्ट कर चुके हैं कि उनकी प्रधानमंत्री पद की महत्वकांक्षा नहीं है।



# बसपा के दो बेलहर कला और धर्मसिहवा से प्रत्याशियों ने किया नामांकन

## धर्मसिंहवा से मौलाना वारिस अली ने किया नामांकन

दैनिक बुद्ध का सन्देश

संतकबीर नगर । रविवार क्यों को नामांकन स्थलों पर चहल पहल बढ़ी, बसपा से घोषित प्रत्याशियों ने धर्मसिंहवा और बेलहर कला सीट के लिए नामांकन कर दिया। बाकी सीटों पर सोमवार को नामांकन होगा। भाजपा की सूची देर रात घोषित होने की संभावना है।बहुजन समाज पार्टी के जिलाध्यक्ष ध ार्मदेव प्रियदर्शी ने बताया कि हाईकमान के आदेश पर प्रत्याशी घोषित किए गए हैं। इसमें धर्मसिंहवा नगर पंचायत से वसीउद्दीन और बेलहर कला से नीतू राय को प्रत्याशी घोषित किया गया जिस के संबंध में आज मेहदावल तहसील में नामांकन दाखिल किया गया नामांकन दाखिल के दौरान खलीलाबाद के पूर्व विधायक भगवानदास व मेहदावल के पूर्व विधायक मोहम्मद ताबिश खान निजामुद्दीन बासपा के वरिष्ठ कार्यकर्ता और पदाधिकारी मौजूद रहे। पूर्व विधायक मोहम्मद ताबिश खान ने कहा कि बहुजन समाज पार्टी के सिपाही मेहदावल विधानसभा के प्रत्याशी आज हाईकमान द्वारा प्रत्याशियों टिकट की घोषणा के बाद 8 नामांकन दाखिल में पहुंचे हुए हैं और जनपद संत कबीर नगर की जनता से अपील करना चाहूंगा कि इस बार बहन मायावती के हाथों को मजबूत करें। धर्म सिंह मां के निर्दल प्रत्याशी के रूप में मौलाना वारिस अली अपने समर्थकों के साथ नामांकन दाखिल किया मौलाना वारिस अली ने कहा कि अगर धर्म सिंह व की जनता हमें अपना आशीर्वाद देगी तो एक आदर्श नगर पंचायत के रूप में ध र्मसिंहवा जाना जाएगा ।10 साल तक हम प्रधान रहे और गांव में विकास भी किया है इस बार भी अगर जनता हमको अपना बहुमूल्य वोट देती है तो हम धर्मसिंहवा की जनता के मान सम्मान पर कोई आंच नहीं आने देंगे।



# एनसीसी कैडेट ने पुनीत सागर अभियान के तहत खालेगांव के तालाब की साफ सफाई

दैनिक बुद्ध का संदेश

छपिया,गोण्डा। बी.पी. इंटर इंटर कॉलेज पटखौली मसकनवा के एनसीसी कैडेट ने पुनीत सागर अभियान के तहत खालेगांव के तालाब की साफ सफाई कर आसपास के नागिरकों को बताया कि जल संसाधन की समस्या पर ध्यान देकर इसका संरक्षण करेंगे, तभी आने वाली पीढ़ी को शुद्ध जल उपलब्ध करा सकते है। प्रधानाचार्य खरभान वर्मा ने कहा केंद्र और राज्य सरकार की ओर से पर्यावरण और स्वच्छता को लेकर कई तरह के कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। इसी कड़ी में बी. पी इंटर इंटर कॉलेज पटखौली मसकनवा द्वारा साफ सफाई के प्रति लोगों को जागरूक करने के लिए रैली का आयोजन किया गया जिसमें 48 एनसीसी छात्र–छात्राओं में बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। केयर टेकर मनोज कुमार वर्मा ने बताया कि पुनीत सागर अभियान के रूप में पूरे देश में नदियों, महासागरों, तालाबों और अन्य प्राकृतिक जलस्रोतों को अजैविक प्रदूषकों मुख्यतः पालीथीन, प्लास्टिक से मुक्ति दिलाने और उनके तटों को साफ और सुन्दर बनाने के लिए बड़ा अभियान चलाया जा रहा है।




# स्कूल लीडरशिप अवार्ड से सम्मानित किए गए शिक्षक व आर्टिस्ट चन्दपाल राजभर

दैनिक बुद्ध का संदेश

गोंडा। उत्तर प्रदेश रविवार को गायत्री तपोभूमि मथुरा में जे०यस० विश्वविद्यालय शिकोहाबाद, जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान मथुरा, बेसिक एजूकेशन मूवमेंट आफ इंडिया तथा युग निर्माण योजना मथुरा के संयुक्त तत्वावधान में एक दिवसीय राष्ट्रीय शैक्षिक कार्यशाला एवं स्कूल लीडरशिप अवार्ड समारोह का आयोजन युग निर्माण योजना गायत्री तपोभूमि युग ऋषि सभागार मथुरा में किया गया। जिसमें जनपद सुल्तानपुर से शिक्षक शिक्षिक एवं आर्टिस्ट चन्दपाल राजभर ने अपने जनपद का प्रतिनिधित्व किया। डॉ शैलेन्द्र सिंह विभागाध्यक्ष समाज शास्त्र, महेंद्र प्रताप सिंह प्राचार्यध्उपनिदेशक जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान मथुरा तथा प्रमोद कुमार शर्मा प्रमुख युग निर्माण योजना शिक्षक प्रकल्प मथुरा द्वारा हस्ताक्षरित स्कूल लीडरशिप अवार्ड्शिक्षक चन्द्र पाल राजभर के साथ ही लगभग पचास जनपदों से आए हुए 201 शिक्षकों को उनके बेहतरीन स्कूल संचालन व नवाचारी कार्यों के लिए किया गया। कार्यक्रम में विद्वान वक्ताओं ने शिक्षा एवं शिक्षक, राष्ट्र निर्माण में शिक्षक का योगदान, शिक्षक राष्ट्र निर्माता व बच्चे भविष्य निर्माता, किसी भी राष्ट्र का निर्माण व पतन शिक्षक के गोद में पलते हैं आदि बिंदुओं पर विचार रखे। कुछ शिक्षकों ने अपने शोध व नवाचार भी प्रस्तुत किए। अंत में कार्यक्रम के मुख्य कर्ताधर्ता डॉ राजेश शर्मा ने सभी का आभार व्यक्त किया।




## थाना धानेपुर क्षेत्र में फांसी के फंदे से लटका मिला शव सूचना पर पहुंची पुलिस जांच में जुटी

दैनिक बुद्ध का संदेश

गोंडा। ।धानेपुर थाना क्षेत्र के उज्जैनीकला गांव के मजरे भगनपुरवा के रहने वाले शैलू के मुताबिक पांच साल पहले उसने अपनी बहन का निकाह इसी थाना क्षेत्र के प्रधानीगंज बगुलही गांव के रहने वाले रमजान अली उर्फ लाला के साथ किया था। निकाह के वक्त अपनी हैसियत के हिसाब से उसने दहेज भी दिया था लेकिन दहेज लोभी ससुराली जन और 50 हजार रुपये की मांग कर रहे थे। रुपये न मिलने पर शनिवार को रमजान अली उर्फ लाला ने अपनी मां के साथ मिलकर उसके बहन की मारपीट कर हत्या कर दी और उसका शव फंदे से लटका दिया,जब वह मौके पर पहुंचा तो उसकी बहन का शव उसके कमरे में फंदे से लटक रहा था। उसने घटना की सूचना पुलिस को दी तो धानेपुर पुलिस मौके पर पहुंची और मायके पक्ष के लोगों की मौजूदगी में शव को नीचे उतारा। इस मामले में शैलू की ओर से मृतका के पति व उसकी सास के खिलाफ दहेज हत्या की रिपोर्ट दर्ज कराई है। थानाध्यक्ष ब्रम्हानंद सिंह ने बताया कि केस दर्ज कर लिया गया है। शव का पंचनामा भरकर उसे पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है,विधिक कार्रवाई की जा रही है।–

## मार्ग दुर्घटना में अबोध बच्ची की मौत पति पत्नी घायल जिला अस्पताल रेफर

दैनिक बुद्ध का संदेश

गोंडा ।कस्बा आर्य नगर गोकरननाथ शिवाला मार्ग पर प्रार्ण नाथ मंदिर के निकट वाहन दुर्घटना में पति पत्नी सहित अबोध बच्ची घायल हो गई प्राप्त जानकारी के अनुसार खरगूपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पंचायत भोला जोत के मजरा भैया पुरवा निवासी दीपक कुमार(24) पुत्र श्रीकांत , खुशबू (22)पत्नी दीपक व महिमा6माह पुत्री दीपक तीनों लोग मोटरसाइकिल पर सवार होकर पुत्री का इलाज कराने के लिए जा रहे थे कि अचानक आर्य नगर गोकर्णनाथ शिवाला मार्ग प्राणनाथ कुटी के सामने सामने से आ रहे ट्रैक्टर ट्राली के चपेट में आ जाने से दीपक कुमार व पत्नी खुशबू तथा पुत्री महिमा घायल हो गई जहां पर स्थानीय लोगों के द्वारा पुलिस व एंबुलेंस को सूचना दी मौके पर पहुंची एंबुलेंस के द्वारा प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र रूपईडीह लाए गए। प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पर तैनात डाक्टर शिव कुमार ने बताया कि पति पत्नी को प्राथमिक उपचार कर जिला मुख्यालय रीफर कर दिया गया तथा अबोध बच्चे को मृत घोषित कर दिया गया है खरगूपुर थानाध्यक्ष अरूण कुमार द्विवेदी ने बताया कि वाहन दुर्घटना में एक अबोध बच्ची की मौत हो गई है तथा पति पत्नी घायल हो गए। अग्रिम कार्रवाई की जा रही है ।

# नगर पालिका बस्ती से सपा उम्मीदवार नेहा वर्मा ने दाखिल किया नामांकन

## नगर पालिका बस्ती से सपा उम्मीदवार नेहा वर्मा ने दाखिल किया नामांकन

दैनिक बुद्ध का सन्देश

बस्ती। समाजवादी पार्टी से नगर पालिका परिषद बस्ती से उम्मीदवार नेहा वर्मा ने सदर तहसील में नामांकन पत्र दाखिल कर दिया। इसी के निकाय चुनाव का सियासी तापमान भी चढ़ने लगा है, लेकिन अभी भाजपा और कांग्रेस की ओर से उम्मीदवार घोषित न किए जाने से से सियासी समीकरणों पर धुंध छाई हुई है। नगर पालिका परिषद बस्ती समेत अन्य नौ नगर पंचायतों में अब तक अध्यक्ष पद के लिए कुल 87 तथा सदस्यों के 751 नामांकन पत्र दाखिल हो चुके हैं। रविवार को नामांकन को भीड़ लगी रही। अकेले रविवार को ही अध्यक्ष के 46 तथा सदस्यों के 271 नामांकन पत्र दाखिल हुए। वहीं, नगर पालिका बस्ती में सपा उम्मीदवार नेहा वर्मा पत्नी अंकुर वर्मा की ओर पर्चा दाखिल कर दिया। उनके साथ पूर्व कैबिनेट मंत्री रामप्रसाद चौधरी, सदर विधायक महेंद्र यादव, सपा नेता अंकुर वर्मा आदि मौजूद रहे।



## किराना व्यापारी से हुई लूट की घटना का वांछित अभियुक्त अवैध तमंचे के साथ गिरफ्तार

दैनिक बुद्ध का संदेश

गोण्डा– पुलिस अधीक्षक गोण्डा आकाश तोमर द्वारा जनपद में ईद त्योहार व नगर निकाय चुनाव 2023 के दृष्टिगत शान्ति व्यवस्था बनाये रखने व उपद्रवियों के विरुद्ध कड़ी कार्यवाही करने के निर्देश जनपद के समस्त प्रभारी निरीक्षक व थानाध्यक्षो को दिये थे ।एसपी के निर्देश के अनुक्रम में थाना धानेपुर पुलिस ने मुखबिर खास की सूचना पर अभियुक्त अर्जुन पुत्र छेदी नि0 अलफनगर रुद्रगण नौसी थाना धानेपुर जनपद गोण्डा को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से 01 अवैध तमंचा 12 बोर मय 02 जिन्दा कारतूस बरामद किया गया। उक्त अभियुक्त थाना को0 देहात में पंजीकृत मु0अ0सं0–114/23, धारा 34,395,412 भादवि में वांछित चल रहा था। गिरफ्तार अभियुक्त के विरुद्ध थाना धानेपुर में आर्म्स एक्ट के तहत अभियोग पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही की गयी है।




## पास्को एक्ट के मुकदमे में वांछित अभियुक्तगिरफ्तार

कुशीनगर। जनपद के रविन्द्र नगर पुलिस ने पाक्सो एक्ट के मुकदमे में वांछित अभियुक्त को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। पुलिस अधीक्षक धवल जायसवाल के निर्देशन में वांछित, वारण्टी अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में रविन्द्र नगर धूस पुलिस द्वारा मु0अ0सं0– 33ध्2023 धारा 323,504,506,452,354 भादवि0 व 7ध्8 पाक्सो एक्ट से सम्बन्धित वांछित अभियुक्त चन्द्रेश कुमार पुत्र सुरेन्द्र प्रसाद साकिन साड़ी बुजुर्ग थाना रविन्द्रनगर धूस को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। अभियुक्त को गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम प्रभारी निरीक्षक राजेश कुमार मिश्र, उ0नि0 दीपक सिंह, का0 महेन्द्र कुमार, का0 लाल साहब मौर्या आदि शामिल रहे।

# अक्षय तृतीया के पावन पर्व पर नंदगाँव में दर्शनार्थियों के लिए वितरित किया गया शर्बत



दैनिक बुद्ध का सन्देश

नंदगाँव। अक्षय तृतीया के पावन पर्व पर नंदबाबा के गांव नंदगाँव में दर्शनार्थियों के लिए प्रातः से ही ठंडा शरबत वितरित किया गया।

सर्व ब्राह्मण महासभा के मुख्य राष्ट्रीय सलाहकार डॉ० अजय शर्मा जी के निर्देशानुसार अक्षय तृतीया के दिन 22 अप्रैल को नंदगाँव में यात्रियों के लिए ठंडा शरबत भेंट किया गया। तपती गर्मी में हुए इस पुनीत कार्य की आनेवाले सभी लोगों ने बहुत प्रशंसा की।

डॉ० शर्मा जी ने बताया कि आनेवाले 1 अप्रैल से प्रत्येक शनिवार और रविवार को नियमित शरबत वितरण किया जायेगा।

## दहेज हत्या के वांछित आरोपी अभियुक्त को पुलिस ने किया गिरफ्तार

दैनिक बुद्ध का संदेश

गोण्डा– पुलिस अधीक्षक गोण्डा आकाश तोमर ने अपराध एंव अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के तहत वांछित अभियुक्तों की जल्द से जल्द गिरफ्तारी करने हेतु जनपद के समस्त प्रभारी निरीक्षक व थानाध्यक्षों को निर्देश दिए थे। उक्त निर्देश के अनुक्रम में थाना कौड़िया पुलिस द्वारा क्षेत्र भ्रमण के दौरान मुखबिर खास की सूचना पर दहेज हत्या के वांछित 02 अभियुक्तों अखिलेश पुत्र उमाशंकर नि0 पूरे पाठक थाना कौडिया जनपद गोण्डा व सुनीता पत्नी उमाशंकर नि0 पूरे पाठक थाना कौडिया जनपद गोण्डा को गिरफ्तार कर लिया गया है। उक्त अभियुक्तगणों ने अपने परिजनों के साथ मिलकर वादी रविशंकर पुत्र जगदम्बा प्रसाद नि0 ग्राम आज्ञाराम पुरवा थाना विशेश्वरगंज जनपद बहराइच की बहन के साथ दहेज हत्या कारित किया था। गिरफ्तार अभियुक्तगणों के विरूद्ध थाना कौड़िया पुलिस द्वारा विधिक कार्यवाही की गयी है।

# युवा नेता राजू सिंह ने किया नामांकन, जनसैलाब के साथ पहुंचे तहसील परिसर





दैनिक बुद्ध का सन्देश

सिद्धार्थनगर। सदर नगर पालिका परिषद सिद्धार्थ नगर से बीजेपी से टिकट मांग रहे पूर्व ब्लाक प्रमुख राजू सिंह ने बागी तेवर अपनाते हुए रविवार को निर्दलीय प्रत्याशी के रूप में अपना नामांकन दाखिल किया। आपको बता दें कि राजू सिंह विगत 4 वर्षों से भाजपा संभावित प्रत्याशी बनकर लगातार जनसंपर्क अभियान छेड़े हुए थे लेकिन सामान्य सीट होने के बावजूद बीजेपी द्वारा अन्य को प्रत्याशी बनाए जाने पर राजू सिंह ने बागी तेवर अख्तियार कर लिया और रविवार को भारी जन सैलाब के साथ अपना नामांकन दाखिल किया राजू सिंह ने कहा कि मेरा पहला कार्य जनता के विकास के बारे में सोचना है और सदर नगर पालिका को गड्ढा मुक्त बनाना है मेरा न्याय जनता करेगी मैं जनता के बीच में अभी तक रहा हूं अपना दुख और सुख सभी उनसे बया किया हूं आज जनता मुझे नगर पालिका अध्यक्ष के रूप में देखना चाहती है मैं उनका शुक्रगुजार हूं कि उनके इस प्यार और स्नेह का कर्ज, विकास कार्य कर पूरा करूंगा आपको बता दें कि इस जन सैलाब में नगर पालिका क्षेत्र से सैकड़ों की संख्या में लोग शामिल हुए इसमें मुख्य रूप से जसवंत सिंह, राजवंत सिंह ,मनोज मिश्रा आदि मुख्य रूप से शामिल रहे।

# भाजपा ने फिर जताया मंजू जायसवाल पर भरोसा

दैनिक बुद्ध का सन्देश

उसका बाजार। निकाय चुनाव में भाजपा ने नगर पंचायत उसका से दूसरी बार मंजू जायसवाल पत्नी पूर्व चेयरमैन हेमन्त कुमार जायसवाल को अध्यक्ष पद का उम्मीदवार घोषित किया है। भाजपा शीर्ष नेतृत्व द्वारा मंजू जायसवाल पर दूसरी बार भरोसा जताने पर भाजपाइयों में खुशी की लहर है। रविवार की शाम को भाजपा द्वारा प्रत्याशियों की लिस्ट जारी की गयी है जिसमे एक बार फिर मंजू जायसवाल को टिकट मिला है । निकाय चुनाव 2017 में भी भाजपा से



मंजू जायसवाल को अध्यक्ष पद का उम्मीदवार बनाया गया था। वर्ष 2012 के निकाय चुनाव में निर्दल प्रत्याशी के रूप में हेमन्त कुमार जायसवाल ने अध्यक्ष पद के लिए चुनाव लड़ा और विजयी होकर नगर पंचायत के प्रथम चेयरमैन होने का गौरव हासिल किया था। हेमन्त जायसवाल व उनकी पत्नी नगर क्षेत्र में विभिन्न सामाजिक व जनकल्याणकारी कार्यो में हमेशा जूट रहते हैं। मंजू जायसवाल को भाजपा से अध्यक्ष पद का उम्मीदवार घोषित होने पर विशाल अग्रहरि, राहुल दूबे , राम दरस त्रिपाठी, जगदीश जायसवाल, रकेश आर्य, सुनील जायसवाल , सोमनाथ मिश्र, विशाल दूबे आदि ने खुशी व्यक्त की है।

# पिता ने की थी युवती की हत्या,पुलिस ने किया पर्दाफाश





दैनिक बुद्ध का सन्देश

सिद्धार्थनगर। युवती को जान देकर प्यार की कीमत चुकानी पड़ी। मामला खेसरहा थाना क्षेत्र का है। यहां कैथवलिया टोला पनघटिया के पास राप्ती नदी में मिली युवती की लाश हत्या कर फेंकी गई थी। प्रेमी से शादी करने की जिद पर अड़ी युवती की हत्या उसके पिता, बाबा और गांव निवासी एक व्यक्ति ने मिलकर चाकू से गोदकर की थी। पुलिस टीम ने 24 घंटे के भीतर घटना में शामिल तीनों आरोपितों को गिरफ्तार कर लिया है। इनकी निशानदेही पर कत्ल में प्रयोग किया गया रक्त रंजित चाकू भी बरामद किया गया है। यह जानकारी एसपी अमित कुमार आंनद ने रविवार को पुलिस लाइन सभागार में आयोजित पत्रकार वार्ता में दी। एसपी ने बताया कि कैथवलिया टोला पनघटिया निवासी राधेश्याम की बेटी गांव के एक लड़के से प्रेम करती थी। वह उसी लड़के से काफी दिन से शादी करने का दबाव स्वजन पर बना रही थी। इस मामले की जानकारी गांव के लोगों को भी हो गई। समाज में हो रही बदनामी के कारण कुछ दिन पूर्व परिवार वालों ने युवती को उसके मौसी के घर कैम्पियरगंज थाना क्षेत्र के भरवलिया भेज दिया था। इसके बावजूद लड़की प्रेमी से शादी करने की जिद पर अड़ी रही।इससे परेशान उसके पिता शनिवार को लड़की को मौसी के घर से लेकर सीधे मदुवापुर स्थित पोल्ट्री फार्म पर अपने पिता सीताराम पुत्र लाल बिहारी के पास पहुंचे। युवती के बाबा चौकीदारी करते हैं। वहां पहले से गांव के लहरी पुत्र मांझी केवट भी मौजूद था। तीनों ने मिलकर समझाने की काफी कोशिश की। युवती के न मानने पर तीनों ने मिलकर चाकू मारकर उसकी हत्या कर दी और शव को नदी में ले जाकर फेंक दिया।

# भाजपा नेता अनूप खरे की पत्नी सीमा खरे बनी अध्यक्ष पद की प्रत्याशी

दैनिक बुद्ध का सन्देश

बस्ती। नगर पालिका परिषद बस्ती से भाजपा नेता अनूप खरे की पत्नी सीमा खरे बनी अध्यक्ष पद की प्रत्याशी बनाई गई है। आप को बता दें उत्तर प्रदेश नगर निकाय चुनाव की घोषणा के बाद काफी दिनों से उम्मीदवारों को अपने टिकट का इंतजार था।

आज बस्ती भाजपा कार्यालय पर जिला अध्यक्ष महेश शुक्ला की मौजूदगी में नगर निकाय चुनाव में चुनाव लड़ने वाले भारतीय जनता पार्टी के नेताओं की सूची जारी हुई जिसमें नगर पालिका परिषद बस्ती से भाजपा नेता अनूप खरे की पत्नी सीमा खरे को नगर पालिका परिषद बस्ती के अध्यक्ष पद के लिए भाजपा ने उम्मीदवार घोषित किया है। बता दें काफी समय से नगर पालिका परिषद में भारतीय जनता पार्टी के कई नेताओं के टिकट को लेकर चर्चाएं चल रही थी लेकिन आज पार्टी के वरिष्ठ पदाधिकारियों ने नाम की घोषणा करते हुए चर्चाओं पर विराम लगा दिया। वहीं भाजपा प्रत्याशी सीमा खरे को टिकट मिलने पर समर्थकों ने एक दूसरे को मिठाई खिलाकर बधाई दी तथा खुशी मनाई।

# निकाय चुनाव में नामांकन के सातवें दिन बसपा प्रत्यासी ने किया दो सेट में पर्चा दाखिल

दैनिक बुद्ध का सन्देश

बांसी। निकाय चुनाव में नामांकन प्रक्रिया के सातवें दिन




रविवार को बसपा से अधिकृत उम्मीदवार के रुप में ज्योती साहू अपना नामांकन पत्र दाखिल किया । रविवार को बसपा के जिला उपाध्यक्ष समीम अहमद ने अपने पार्टी के समर्थकों के साथ बांसी तहसील में लगभग 2बजे पहुंच कर ज्योति साहू का नामांकन पत्र दाखिल कराया।जिला उपाध्यक्ष समीम अहमद व प्रस्तावक के साथ उपजिलाधिकारीधरिटर्निंग ऑफिसर प्रमोद कुमार के न्यायालय कक्ष में पहुचकर दो सेट मे नामांकन पत्र दाखिल किया। ज्योति साहू के नामांकन करके लौटने पर तहसील कार्यालय गेट के पास उपस्थित पार्टी के पदाधिकारियों व समर्थको ने उन्हे फूल माला भेंट कर बधाई दिया और खुशी मनाया ।इस अवसर पर ज्योति साहू के पति हरगोविंद साहू ने वहां मौजूद लोगो से कहा कि नगर को स्वच्छ व सुन्दर बनाने तथा विकास के लिए चुनाव मैदान में है ।उन्होनें कहा कि लोगो के मिल रहे हैं अपार प्रेम व स्नेह से यह स्पस्ट है कि उन्हे सफलता जरुर मिलेगी । इस अवसर पर जिला कोषाध्यक्ष महताब अहमद, मोहम्मद कैफ, पवन शर्मा, जय गोविन्द, महेश कुमार सहित दर्जनों लोग मौजूद रहे।

# अध्यक्ष पद हेतु उमा अग्रवाल समेत आधा दर्जन प्रत्याशियों ने किया नामांकन



दैनिक बुद्ध का सन्देश

शोहरतगढ़, सिद्धार्थनगर।



शोहरतगढ़ नगर पंचायत के 2023 का चुनाव अब वर्चस्व की लड़ाई का सियासी अखाड़ा बन चुका है। वर्चस्व को लेकर तरह तरह के प्रयास किये जा रहे है। मतदाताओं को लुभाने के लिए सभी प्रकार के प्रयत्न भी किए जा रहे है जिसमें, अमर्यादित भाषाओं के इस्तेमाल की भी बात सामने आ सकती है। वैसे रविवार को अध्यक्ष पद के प्रत्याशी अपने समर्थकों के साथ जुलूस निकालकर नामांकन करते नजर आये। अध्यक्ष पद हेतु उमा अग्रवाल पत्नी रवि अग्रवाल व श्याम सुंदर चौधरी अपने समर्थकों के साथ नामांकन किये। इसके साथ ही पूर्व में निवर्तमान चौयरमैन बबिता कसौधन, मीनाक्षी पत्नी गोपाल प्रसाद श्फौजीश् व गोपाल प्रसाद फौजी, शान्ति नारायण त्रिपाठी उर्फ पप्पू बाबा, प्रिया पत्नी नीरज त्रिपाठी आदि ने अपना नामांकन जमा कर दिया है और की जनसंपर्क अभियान तेज कर दिया है। रविवार को लोगों के बीच चर्चा इस बात की भी रही कि है कि नीबी दोहनी से कैम्प लगाकर नामांकन करने जा रहे अध्यक्ष प्रत्याशी को काली स्थान के बाहर जे ही दर्शन करना पड़ा, क्योंकि सभा के दौरान ही किसी ने मंदिर का दरबाजा ही बंद कर दिया था, जिसको लेकर तरह तरह के चर्चे है। कोई इसे मंदिर पर एकाधिकार की बात कह रहा है।

# पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष जमील सिद्दीकी ने किया नामांकन





दैनिक बुद्ध का सन्देश

सिद्धार्थनगर। सदर नगर पालिका परिषद की सीट पर पूर्व नगरपालिका अध्यक्ष जमील सिद्दीकी ने रविवार को अपना नामांकन दाखिल किया साथ ही घोषणा पत्र भी जारी किया। घोषणापत्र जहां लोगों को काफी आकर्षित कर रहा है वही जमील सिद्दीकी के मैदान में आ जाने से सभी पार्टियों के प्रत्याशियों की लड़ाई कांटे की हो गई है । देखा जा रहा है कि हर कोई जमील सिद्धकी से ही लड़ेगा नामांकन के दौरान जमील सिद्धकी के साथ सैकड़ों समर्थक मौजूद रहे जमील सिद्दीकी ने कहा कि मेरा कार्य विकास करना है लोगों ने मेरे कार्यकाल को देखा है नगर पालिका परिषद सिद्धार्थनगर की जो बिल्डिंग आज खड़ी है वह मेरे द्वारा बनाई गई है नगरपालिका के सभी वार्डों में जो भी काम अधूरे रहे हैं या 5 साल में नहीं किए गए हैं उन सब को पूरा करने का वादा करता हूं एक बार मौका दीजिए किसी प्रकार की कोई शिकायत नहीं मिलेगी।

## सम्पादकीय

**सबसे दिलचस्प यह है कि रजिस्ट्रार जनरल की ओर से राज्यों को प्रशासनिक सीमा में बदलाव को फ्रीज करने की समय सीमा दिसंबर 2017 से दी जा रही है। उस समय 31 दिसंबर 2019 तक प्रशासनिक सीमा में बदलाव को फ्रीज करने को कहा गया था। उसके बाद से कई बार यह सीमा बढ़ाई जा चुकी है। हालांकि जनगणना में ...**

# सबसे बड़ी आबादी बिना गिनती के!



भारत दुनिया की सबसे अधिक आबादी वाला देश बन गया है। संयुक्त राष्ट्र संघ का जनसंख्या डैशबोर्ड बता रहा है कि भारत की आबादी 142.86 करोड़ हो गई है, जो चीन से करीब 57 लाख ज्यादा है। लेकिन भारत के पास इसका आधिकारिक आंकड़ा नहीं है क्योंकि 2011 के बाद 2021 में जो जनगणना होनी थी वह नहीं हुई है। सो, आखिरी जनगणना के 12 साल बाद आबादी का आंकड़ा अनुमानों पर आधारित है। सब जानते हैं कि पिछले 12 साल में दुनिया तेजी से बदली और आबादी नियंत्रित करने के जो उपाय हुए थे उनका व्यापक असर दिखा है। लेकिन गिनती होती तो पता चलता कि किस समुदाय और किस भौगोलिक इलाके में किस तरह से जनसंख्या संरचना में बदलाव आया है। पहले कोरोना वायरस की महामारी की वजह से जनगणना टली थी और फिर लोकसभा चुनाव की वजह से इसके टले रहने की संभावना है। मार्च 2020 में जब भारत में कोरोना का विस्फोट हुआ उस समय जनगणना की तैयारी चल रही थी। डिजिटल तरीके से गिनती के लिए कर्मचारियों का प्रशिक्षण शुरू हो गया था लेकिन कोरोना की वजह से उसे स्थगित करना पड़ा। कोरोना महामारी खत्म होने में दो साल से ज्यादा समय लग गया। मार्च 2022 में रजिस्ट्रार जनरल ऑफ इंडिया ने जनगणना के नियमों में कुछ बदलाव किया। कहा गया कि अब नागरिक जनगणना और नेशनल पॉपुलेशन रजिस्टर में खुद ही अपनी गिनती करा सकते हैं। इसके बाद ऐसा लग रहा था कि मकानों की सूची बनाने का काम 2022 में हो जाएगा। लेकिन ऐसा नहीं हुआ। पूरा 2022 बीतने के बाद रजिस्ट्रार जनरल ने दिसंबर में सभी राज्यों को चिꣿठी लिखी, जिसमें 30 जून 2023 तक भौगोलिक सीमाओं में बदलाव का काम पूरा करके उसे फ्रीज करने को कहा गया। ध्यान रहे जब राज्य अपने यहां भौगोलिक सीमाओं में बदलाव को फ्रीज करते हैं उसके दो–तीन महीने बाद ही गिनती का काम शुरू हो सकता है। इसका मतलब है कि 30 जून की सीमा खत्म होने के दो–तीन महीने बाद यानी सितंबर के अंत या अक्टूबर के पहले हफ्ते से जनगणना शुरू हो सकती थी। परंतु अगले साल होने वाले लोकसभा चुनाव को देखते हुए यह संभव नहीं है। सबसे दिलचस्प यह है कि रजिस्ट्रार जनरल की ओर से राज्यों को प्रशासनिक सीमा में बदलाव को फ्रीज करने की समय सीमा दिसंबर 2017 से दी जा रही है। उस समय 31 दिसंबर 2019 तक प्रशासनिक सीमा में बदलाव को फ्रीज करने को कहा गया था। उसके बाद से कई बार यह सीमा बढ़ाई जा चुकी है। हालांकि जनगणना में देरी का एक कारण यह भी बताया जा रहा है कि विपक्षी पार्टियां जातियों की गिनती की बात कर रही हैं और जातीय जनगणना से भाजपा को राजनीतिक नुकसान दिख रहा है। विपक्ष का आरोप है कि जातियों की गिनती रोके रखने के लिए जनगणना रोक दी गई है। यह देखना दिलचस्प होगा कि लोकसभा चुनाव के बाद भी गिनती होती है या सीधे 2031 के लिए तैयारी होती है।

# विश्व का सर्वाधिक महान ग्रंथ है श्रीरामचरित मानस



दैनिक बुद्ध का सन्देश

गोस्वामी तुलसीदास जी द्वारा विरचित ग्रंथ श्रीरामचरितमानस विश्व का सर्वाधिक महानतम ग्रंथ है। लोकप्रियता के सर्वोच्च शिखर पर प्रतिष्ठित होने का कारण इसकी सुगम भाषा शैली और अवधी बोली का मिठास है। श्रीरामचरित मानस एक प्रेरणादाई ग्रंथ है। भगवान श्रीराम के जीवन को आधार बनाते हुए ऐतिहासिक और पौराणिक तत्वों के समावेश द्वारा इस ग्रंथ में समन्वयवादी गोस्वामी तुलसीदास जी ने एक संतुलित सामाजिक व्यवस्था देने का प्रयास किया है। भगवान श्री राम कोटि कोटि भारतीय जन की आस्था के प्रतीक हैं। श्री राम के साथ उनका धनुष सदैव साथ रहता है। तीर और ध ानुष उनके श्रम का प्रतीक है। भगवान श्री राम का यही तीर धनुष उनके युगीन नागरिकों को सुरक्षा और संरक्षा प्रदान करता है। दरअसल उनका राज्य दैहिक, दैविक , भौतिक तापों से मुक्त है। यही महानायक तुलसीदास के राम राज्य की परिकल्पना है। स्वांतः सुखाय तुलसी रघुनाथ गाथा, कहकर गोस्वामी जी अपना मंतव्य प्रकट करते हैं। बाद में गोस्वामी जी का यह ग्रंथ कोटि कोटि भारतीय जन को मार्ग दिखलाता हुआ उनके सुमार्ग को प्रशस्त भी करता है। विश्व पुस्तक दिवस पर आप यदि पूछेंगे कि दुनिया का सर्वाधिक लोकप्रिय ग्रंथ कौन सा है, निश्चित रूप से मेरा उत्तर होगा कि श्रीरामचरित मानस ही सर्वाधिक उत्कृ ष्ट पुस्तक है। करम प्रधान विश्व रचि राखाध् जो जस करहि सो तस फल चाखा। गोस्वामी तुलसीदास जी के आलोचकों को इन पंक्तियों को भी पढ़ना चाहिए। गोस्वामी जी कर्म आधारित सामाजिक संरचना के प्रस्तोता हैं। उनका मूल मंतव्य एक ऐसी सामाजिक संरचना का पुनर्निर्माण था जोकि भाग्यवादी न हो। दरअसल भारतीय सांस्कृ तिक वांग्मय की परंपरा कर्म प्रधान ही है। भगवान श्री कृष्ण ने गीता का उपदेश देते हुए कहा है कि कर्मण्ये वा धिकारस्ते अर्थात कर्म करो फल की चिंता न करो। वर्णों की परंपरा भी कर्म आधारित सामाजिक संरचना की प्रस्तावना प्रस्तुत करती है। गोस्वामी तुलसीदास जी भी नाना पुराण , निगम और आगम से प्रेरित होकर भगवान श्री राम की कथा को अपनी मति के अनुरूप रचनात्मक परिवर्तन करते हुए हम सभी को सुनाते हैं। निंदकों को भी श्रीरामचरित मानस का पुनर्पाठ करना चाहिए। इस महान ग्रंथ की महिमा से परिचय तभी होगा जब आप इसका वाचन करेंगे।

**लेखक विनय कांत मिश्र/दैनिक बुद्ध का सन्देश**

# जनता की अदालत से फैसला आना बाकी

**अदालत का फैसला राहुल गांधी के खिलाफ आया और सेशंस कोर्ट में अपील भी राहुल गांधी ने ही की। इसमें पूरा गांधी परिवार शामिल नहीं है, फिर सब पर टिप्पणी करने का अर्थ तो यही है कि कर्नाटक चुनाव से पहले भाजपा गांधी परिवार को निशाने पर लेना चाहती है। राहुल गांधी और गांधी परिवार, सभी कानून का सम्मान करते हैं, इस बात का पता इसी से चलता है कि वे नियमानुसार अपील कर रहे हैं ...**

कांग्रेस नेता राहुल गांधी को मोदी सरनेम मामले में मानहानि के मुकदमे में सूरत की निचली अदालत ने दो साल की सजा 23 मार्च को सुनाई थी। मानहानि मामले में सबसे अधिक सजा मिलने का यह दुर्लभ उदाहरण देश ने देखा। देश तब भी हैरत में पड़ गया, जब अदालत से सजा मिलने के अगले ही दिन राहुल गांधी की संसद सदस्यता भी निलंबित कर दी गई और दोषी ठहराए जाने के कारण वे 6 सालों के चुनाव लड़ने से भी अयोग्य हो गए। खैर राहुल गांधी ने इस फैसले पर रोक लगाने को लेकर सेशंस कोर्ट में अर्जी लगाई थी। अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश आर पी मोगेरा की अदालत ने पिछले गुरुवार को राहुल गांधी की अर्जी पर सुनवाई के बाद फैसला सुरक्षित रख लिया था। और 20 तारीख को जब फैसला सुनाया गया तो उसमें इस अर्जी को खारिज कर दिया गया। यानी राहुल गांधी को फिलहाल कोई राहत नहीं है। प्रसंगवश बता दें कि जज मोगेरा गुजरात के नामी–गिरामी वकील रह चुके हैं। 2006 के तुलसीराम प्रजापति फर्जी मुठभेड़ मामले में उन्होंने अमित शाह की पैरवी की थी। 2017 में गुजरात हाईकोर्ट की ओर से जारी एक नोटिफिकेशन के मुताबिक उनका चयन जिला जज के लिए किया गया था। वकीलों के लिए निर्धारित 25 प्रतिशत कोटा के तहत उनका चयन हुआ था।

न्यायाधीश मोगेरा की अदालत से राहुल गांधी की अपील खारिज हो गई और अब कांग्रेस तमाम कानूनी विकल्पों पर विचार कर रही है। संभवतरू अब राहुल गांधी उच्च न्यायालय का रुख करें और अगर वहां भी उन्हें राहत न मिले तो सर्वोच्च अदालत का दरवाजा खटखटाया जाएगा। यानी राहुल गांधी अपने लिए इंसाफ की लड़ाई जारी रखेंगे, यह तय है। राहुल गांध ी आखिर तक हिम्मत न हारने वाले इंसान ही हैं और उनके पास अब खोने के लिए भी कुछ नहीं है। अलबत्ता पाने के लिए बहुत कुछ है। और अब कांग्रेस को उसी रणनीति के तहत काम करना होगा। उच्चतम अदालत तक जाने के विकल्प तो मौजूद हैं ही, लेकिन कांग्रेस को असली जीत तो जनता की अदालत में ही मिलेगी। वहां से उसे सत्ता का आदेश हासिल करना होगा अन्यथा ऐसी कानूनी लड़ाइयों की राजनैतिक उपयोगिता नहीं रह जाएगी। यह माना गया था कि अगर सूरत सेशंस कोर्ट के फैसले में दोषी ठहराये जाने और सजा सुनाये जाने पर रोक लग जाती तो राहुल गांधी की लोकसभा की सदस्यता बहाल हो सकती थी। लेकिन कहीं न कहीं सब ये भी मान रहे थे कि ऐसा शायद ही हो। निचली अदालत में भी राहुल गांधी को सीधे 2 साल की सजा मानहानि के लिए सुनाई गई, जबकि अब तक मामूली दंड या जुर्माने के उदाहरण ही सामने आए हैं। जब दो साल की सजा सुनाई जा सकती है, तो उसे इतनी जल्दी खारिज कर दिया जाएगा, इसकी उम्मीद कम ही थी और ऐसा ही हुआ भी। कांग्रेस सांसद शशि थरूर ने एक सवाल इस फैसले के संदर्भ में उठाया है। श्री थरूर ने ट्वीट में लिखा– सूरत कोर्ट का कहना है कि राहुल गांधी सजा पर रोक लगाने के लिए कोई असाधारण परिस्थिति नहीं दिखा पाए हैं। क्या यह आपराधिक मानहानि के लिए दो साल की सजा पाने के लिए पर्याप्त असाधारण नहीं है? संसद से अयोग्य होने के लिए बस इतना समय काफी है? उनके इस ट्वीट के राजनैतिक निहितार्थ समझे जा सकते हैं। वैसे राहुल गांधी की सजा रद्द करने की अपील खारिज होते ही जिस तरह की टिप्पणियां भाजपा नेताओं की ओर से आई हैं, वे इस फैसले के राजनैतिक संदर्भों को खोल कर रख देती हैं। कुछ भाजपा नेताओं का कहना है कि राहुल गांधी ने ओबीसी का मजाक उड़ाया था। उन्हें अब माफी मांग लेना चाहिए। आश्चर्य है कि राहुल गांधी ने देश का धन चुरा कर बाहर भागे लोगों का जिक्र किया, लेकिन भाजपा को इसमें सिर्फ ओबीसी का अपमान दिखा, चोरों और भगोड़ों की ओर से भाजपा ने आंखें मूंद लीं। भाजपा प्रवक्ता अमित मालवीय ने कहा, ओबीसी समुदाय का अपमान करने के बावजूद, उन सभी को श्चोरश कहने के बावजूद, राहुल शर्मनाक रूप से उद्दंड बने हुए हैं ... इससे उनके अहंकारी रवैये का पता चलता है। जबकि राहुल गांधी ने तो कोलार से जातिगत जनगणना और आरक्षण की सीमा को हटाने की मांग की है, वे पिछड़ों के हक की मांग मोदी सरकार से कर रहे हैं। क्या ओबीसी के हक की बात करना उद्दंडता मानी जाए। भाजपा के एक अन्य प्रवक्ता संबित पात्रा ने तो अदालत के फैसले को गांधी परिवार पर तमाचा ही बता दिया और कहा कि गांधी परिवार को लगता है कि वे बचकर निकल जाएंगे, वो नहीं हो पाया। अदालत के फैसले से पता चलता है कि कानून सबके लिए बराबर है। इस टिप्पणी में जिस तरह श्री पात्रा ने राहुल गांध ी की जगह समूचे गांधी परिवार को लिया है, उससे पता चलता है कि वे एक प्रकरण के बहाने सभी को निशाने पर लेना चाहते हैं। अदालत का फैसला राहुल गांधी के खिलाफ आया और सेशंस कोर्ट में अपील भी राहुल गांधी ने ही की। इसमें पूरा गांधी परिवार शामिल नहीं है, फिर सब पर टिप्पणी करने का अर्थ तो यही है कि कर्नाटक चुनाव से पहले भाजपा गांधी परिवार को निशाने पर लेना चाहती है। राहुल गांधी और गांधी परिवार, सभी कानून का सम्मान करते हैं, इस बात का पता इसी से चलता है कि वे नियमानुसार अपील कर रहे हैं और जो फैसला आ रहा है, उसे स्वीकार करते हुए अन्य कानूनी विकल्पों पर काम कर रहे हैं। लेकिन भाजपा इससे भी परेशान दिखाई दे रही है।

# चुनाव से पहले कानूनी लड़ाई!

**झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन और उनके विध ायक भाई बसंत सोरेन सहित पूरे परिवार पर खनन से लेकर आय से अधिक संपत्ति के मामले में केंद्रीय एजेंसियों का शिकंजा कसा है। विपक्ष का संभवतरू कोई भी नेता ऐसा नहीं है, जो किसी न किसी मुकदमे में नहीं फंसा है। आने वाले दिनों में सबकी मुश्किलें बढने वाली हैं और राहत के लिए सबकी दौड़ अदालत तक लगने वाली है। सोचें, विपक्ष के ...**

अजीत द्विवेदी

विपक्षी पार्टियों को अगले साल के लोकसभा चुनाव से पहले लंबी और बेहद सघन कानूनी लड़ाई लडनी है। उससे बचेंगे तभी चुनाव लडने के लायक रहेंगे। विपक्ष को राजनीतिक लड़ाई भी कानूनी तरीके से लडनी है और जमीन पर चुनाव लडने से पहले अदालत के परिसर में राजनीति की लड़ाई भी लडनी है। यह अनायास नहीं था कि देश की लगभग सभी विपक्षी पार्टियां एकजुट होकर सुप्रीम कोर्ट में पहुंचीं थीं और केंद्रीय एजेंसियों– सीबीआई व ईडी के दुरुपयोग की शिकायत की थी। यह अलग बात है कि उनकी शिकायत खारिज हो गई और सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि वह राजनेताओं के लिए अलग नियम नहीं बना सकती है। लेकिन इस मामले से यह जाहिर हुआ कि विपक्ष के सामने चुनौती कितनी गंभीर है। अदालत में जाकर विपक्ष देश के मतदाताओं को भी यह मैसेज देने में कामयाब हुआ कि दुनिया के सबसे बड़े लोकतंत्र में विपक्ष को चुनाव लडने का समान अवसर नहीं मिल रहा है या उसकी संभावना को कमजोर करने के लिए उसे केंद्रीय एजेंसियों के जरिए परेशान किया जा रहा है। हालांकि यह ध्यान रखने की जरूरत है कि जिस ईडी की शिकायत लेकर विपक्ष सुप्रीम कोर्ट पहुंचा था उसकी बेहिसाब शक्तियों पर सुप्रीम कोर्ट की मुहर लगी हुई है। विपक्ष की कानूनी लड़ाई के दो पहलू हैं। पहला, केंद्र सरकार के नीतिगत फैसलों पर अदालत की मुहर या चुप्पी और दूसरा, केंद्रीय एजेंसियों के जरिए विपक्ष पर कार्रवाई। अगर बारीकी से देखें तो अगले लोकसभा चुनाव में भारतीय जनता पार्टी का जो भी कोर मुद्दा होगा उसमें अदालतों की भूमिका भी दिखेगी। अयोध या में राम जन्मभूमि मंदिर का उद्घाटन लोकसभा चुनाव से ठीक पहले जनवरी 2024 में होना है। मंदिर निर्माण का फैसला सुप्रीम कोर्ट के आदेश से हुआ। सुप्रीम कोर्ट ने पूरी विवादित जमीन हिंदू पक्ष को दी और मुस्लिम पक्ष को विवादित जगह से कहीं दूर जमीन देने का आदेश दिया। अगर काशी विश्वनाथ मंदिर परिसर से सटे ज्ञानवापी मस्जिद में सर्वे हुआ और वहां शिवलिंग मिलने की चर्चा हुई तो वह भी अदालत के जरिए हुआ। मथुरा में अगर शाही ईदगाह का मुद्दा चर्चा में है तो वह भी अदालत की वजह से है। तीन तलाक को अवैध करने का फैसला सर्वोच्च अदालत ने दिया और अब बहुविवाह व हलाला का मामला भी अदालत में है। कर्नाटक में स्कूल–कॉलेजों में हिजाब पहनने को लेकर विवाद हुआ, जिस पर सुप्रीम कोर्ट में दो जजों की बेंच का फैसला बंटा हुआ था। अभी तक तीन जजों की बेंच बना कर सुनवाई शुरू नहीं हुई है और राज्य में हिजाब पर पाबंदी जारी है। सो, ऐसे नीतिगत मामले, जिनका भारतीय जनता पार्टी चुनावों में इस्तेमाल करती है या आगे करेगी, उन पर अदालतों से या तो सरकार के पक्ष में या हिंदू पक्ष के हक में फैसला आया है या मामला लंबित है और कानून अमल में है। मिसाल के तौर पर जम्मू कश्मीर में अनुच्छेद 370 समाप्त करने का मामला है। इस मामले में कई याचिकाएं सुप्रीम कोर्ट में दायर की गई थीं और अब जाकर फरवरी 2023 में अदालत ने इन सारी याचिकाओं सूचीबद्ध करने की बात कही है। सोचें, याचिकाएं अगस्त 2019 के बाद ही दायर की गई थीं लेकिन अभी तक मामला तकनीकी पहलुओं में उलझा हुआ है। संशोधित नागरिकता कानून यानी सीएए को सरकार ने अभी लागू नहीं किया है लेकिन संसद से पास होने और राष्ट्रपति की मंजूरी मिलने के बाद से ही इस कानून के खिलाफ याचिकाएं सर्वोच्च अदालत में दायर की गई हैं और अभी तक उनका निपटारा नहीं हुआ है। इन मुद्दों के लंबित रहने पर भी लाभार्थी भारतीय जनता पार्टी ही है। विपक्षी पार्टियों के सामने इलेक्टोरल बॉन्ड का एक बड़ा मसला है। जब से कॉरपोरेट चंदे के लिए इलेक्टोरल बॉन्ड की व्यवस्था लागू हुई है तब से इसकी पारदर्शिता पूरी तरह से समाप्त हो गई है और साथ ही विपक्षी पार्टियों के लिए चंदे का स्रोत लगभग सूख गया है। इलेक्टोरल बॉन्ड के जरिए दिए जाने वाले चंदे का 80 फीसदी से ज्यादा हिस्सा केंद्र में सत्तारूढ़ भारतीय जनता पार्टी को जाता है। चंदे की इस व्यवस्था को सुप्रीम कोर्ट में चुनौती दी गई है। लंबा अरसा बीत जाने के बाद भी सर्वोच्च अदालत अभी यह तय नहीं कर पाई है कि इसे सुनवाई के लिए संविधान पीठ को भेजा जाए या नहीं। सो, चाहे चुनाव में इस्तेमाल होने वाले राजनीतिक मुद्दे हों या चुनाव लडने के लिए संसाधन जुटाने का मामला हो, सब कुछ कानून के हाथ में है और विपक्ष बेचारा बना हुआ है। इसके बाद बारी आती है कि निजी कानूनी मुकदमों की। देश की लगभग सभी विपक्षी पार्टियां किसी न किसी स्तर पर अपना अस्तित्व बचाने की लड़ाई अदालतों में लड़ रही हैं। यह कैसी विडंबना है कि पार्टियों और नेताओं के अस्तित्व का फैसला चुनाव के मैदान में होना चाहिए लेकिन भारत में ऐसी स्थितियां बन गई हैं कि यह फैसला जांच एजेंसियों और अदालतों के जरिए हो रहा है। सोचें, कैसे मानहानि के एक केस में सूरत की एक अदालत ने राहुल गांधी को दो साल की सजा सुना दी और इस आधार पर उनकी लोकसभा की सदस्यता समाप्त हो गई। कांग्रेस के सर्वोच्च नेता लोकसभा के लिए अयोग्य हैं! हो सकता है कि आगे उनको अदालत से राहत मिल जाए लेकिन यह इस बात की गारंटी नहीं होगी कि उनकी मुश्किलें समाप्त हो जाएंगी। उनके खिलाफ पटना से लेकर भिवंडी और सूरत से लेकर मुंबई तक की अदालतों में इस तरह के कई मुकदमे दर्ज हुए हैं। इसके अलावा श्नेशनल हेराल्डश् की संपत्तियों में कथित गड़बड़ी के मामले में ईडी ने उनसे कई दिन पूछताछ की है और उसकी तलवार उनकी गर्दन पर से हटी नहीं है। भाजपा नेता अब भी सोनिया और राहुल गांधी को जमानत पर छूटा नेता कह कर उनको कमतर बताते रहते हैं। इसके बाद ऐसे नेताओं की एक लंबी सूची बन जाएगी, जिनके खिलाफ केंद्रीय एजेंसियों ने मुकदमे दर्ज किए हैं, छापे मारे हैं, गिरफ्तारियां की हैं या गिरफ्तारी की तलवार लटकाई है। कथित हवाला मामले में आम आदमी पार्टी के सत्येंद्र जैन और शराब नीति घोटाले में मनीष सिसोदिया जेल में हैं और मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के ऊपर तलवार लटकी है। इसी मामले में तेलंगाना के मुख्यमंत्री के चंद्रशेखर राव की बेटी के कविता से पूछताछ हुई है और उनके ऊपर गिरफ्तारी की तलवार लटक रही है। शिक्षक भर्ती घोटाले में तृणमूल कांग्रेस के पार्थ चटर्जी और पशु तस्करी मामले में अणुब्रत मंडल जेल में हैं और ममता बनर्जी के भतीजे व पार्टी सांसद अभिषेक बनर्जी पर तलवार लटकी है। चारा घोटाले में लालू प्रसाद सजायाफ्ता हैं और उनके बेटे तेजस्वी यादव और तीन बेटियों पर जमीन के बदले रेलवे में नौकरी देने के मामले में गिरफ्तारी की तलवार लटकी है। झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन और उनके विधायक भाई बसंत सोरेन सहित पूरे परिवार पर खनन से लेकर आय से अधिक संपत्ति के मामले में केंद्रीय एजेंसियों का शिकंजा कसा है। विपक्ष का संभवतरू कोई भी नेता ऐसा नहीं है, जो किसी न किसी मुकदमे में नहीं फंसा है। आने वाले दिनों में सबकी मुश्किलें बढने वाली हैं और राहत के लिए सबकी दौड़ अदालत तक लगने वाली है।



# आखिरी ओवर में अर्शदीप के कमाल से पंजाब किंग्स ने मुंबई इंडियंस को हराया

कार्यवाहक कप्तान सैम कुरेन की ताबड़तोड़ अर्धशतकीय पारी और हरप्रीत भाटिया के साथ पांचवें विकेट के लिए 50 गेंद में 92 रन की साझेदारी के बाद अर्शदीप सिंह (चार ओवर में 29 रन पर चार विकेट) की शानदार गेंदबाजी के दम पर पंजाब किंग्स ने इंडियन प्रीमियर लीग टी20 मैच में शनिवार को यहां मुंबई इंडियंस को 13 रन से शिकस्त दी। मुंबई को आखिरी ओवर में जीत के लिए 16 रन की जरूरत थी लेकिन अर्शदीप सिंह ने लगातार गेंदों पर तिलक वर्मा (तीन) और नेहाल वढेरा (शून्य) को बोल्ड करने के साथ सिर्फ दो रन दिये। उन्होंने इससे पहले इशान किशन (एक रन) और सूर्यकुमार यादव (26 गेंद में 57 रन) का भी विकेट चटकाया।

पंजाब ने आठ विकेट पर 214 रन बनाने के बाद मुंबई को छह विकेट पर 201 रन पर रोक दिया। कुरेन ने 29 गेंद में 55 रन की पारी में पांच चौके और चार छक्के लगाये जबकि भाटिया ने 28 गेंद में 41 रन की पारी के दौरान चार चौके और दो छक्के मारे। जितेश शर्मा ने सात गेंद में चार छक्के जड़ 25 रन बनाये जिससे पंजाब ने आखिरी पांच ओवरों में 96 रन बटोरे। मुंबई इंडियंस के लिए पीयूष चावला सबसे सफल गेंदबाज रहे उन्होंने तीन ओवर में 15 रन देकर दो विकेट लिये। जेसन बेहरनडोर्फ, कैमरून ग्रीन, जोफ्रा आर्चर और अर्जुन तेंदुलकर को भी एक–एक सफलता मिली लेकिन ये सभी गेंदबाज महंगे साबित हुए।

लक्ष्य का पीछा करते हुए कैमरून ग्रीन और सूर्यकुमार की अर्धशतकीय पारियों और दोनों के बीच तीसरे विकेट के लिए 36 गेंद में 75 रन की साझेदारी कर मैच के रोमांच को बढ़ा दिया। ग्रीन ने 43 गेंद की पारी में छह चौके और तीन छक्के की मदद से 67 रन बनाये जबकि सूर्यकुमार ने 26 गेंद में 57 रन की तूफानी पारी में सात चौके और तीन छक्के जड़े। ग्रीन ने इससे पहले कप्तान रोहित शर्मा के साथ दूसरे विकेट के लिए 50 गेंद में 76 रन की साझेदारी की। रोहित ने 27 गेंद में 44 रन की पारी में चार चौके और तीन छक्के लगाये। लक्ष्य का पीछा करने उतरी मुंबई को दूसरे ओवर में इशान किशन (चार गेंद में एक रन) के आउट होने से झटका लगा।



वह अर्शदीप सिंह का शिकार बने। क्रीज पर आये ग्रीन ने हरप्रीत बराड़ की गेंद को दर्शकों के पास भेजकर अपना हाथ खोला तो रोहित ने अर्शदीप और फिर कुरेन के खिलाफ छक्के लगाये। पावर प्ले में टीम ने एक विकेट पर 54 रन बनाकर अच्छी शुरुआत करायी। रोहित ने इस बीच नौवें ओवर में राहुल चाहर के खिलाफ गेंदबाज के सिर के ऊपर से दर्शनीय छक्का लगाया। कुरेन ने 10वें ओवर में गेंद लिविंगस्टोन को थमाई और इस गेंदबाज ने चौका खाने के बाद अपनी गेंद में कैच लपक कर रोहित को आउट कर मुंबई को दूसरा झटका दिया।

सूर्यकुमार ने इस गेंदबाज के खिलाफ 12वें ओवर में हैट्रिक चौका जडाध जिससे टीम का रनों का शतक पूरा किया। ग्रीन ने 15वें ओवर में चाहर के खिलाफ छक्का और फिर चौका लगाकर अपना अर्धशतक पूरा किया। मुंबई ने इस ओवर से 17 रन बटोरे। ग्रीन ने एलिस का स्वागत छक्का और चौका किया लेकिन 16वें ओवर की तीसरी गेंद पर आउट हो गये। सूर्यकुमार ने 17वें ओवर में कुरेन के खिलाफ चौका लगाकर अर्धशतक पूरा किया लेकिन अगले ओवर में अर्शदीप की गेंद पर तायडे को कैच देकर पवेलियन लौट गये। मुंबई को अब दो ओवर में 31 रन चाहिये थे और टिम डेविड (13 गेंद में नाबाद 25) ने एलिस के खिलाफ छक्का जड़ ओवर से 15 रन बटोरे।

अर्शदीप सिंह ने आखिरी ओवर में शानदार यॉर्कर डाल कर मैच का रुख पंजाब की ओर कर दिया। इससे पहले क्षेत्ररक्षण का फैसला करने के बाद ग्रीन ने पारी के तीसरे ओवर में चौका खाने के बाद मैथ्यू शॉर्ट (10 गेंद में 11 रन) को आउट कर मुंबई को पहली सफलता दिलायी। दूसरे छोर से सलामी बल्लेबाज प्रभसिमरन सिंह (17 गेंद में 26 रन) ने जेसन बेहरेनडॉर्फ के खिलाफ दो छक्के लगाये तो वहीं अथर्व तायडे (17 गेंद में 29 रन) ने जोफ्रा आर्चर के खिलाफ स्लिप के ऊपर से छक्का लगाया। दोनों बल्लेबाजों ने छठे ओवर में पीयूष चावला के खिलाफ एक–एक चौका लगाकर पावर प्ले में टीम के स्कोर को एक विकेट पर 58 रन कर दिया।

अगले ओवर में अर्जुन तेंदुलकर ने प्रभसिमरन सिंह को पगबाधा कर तायडे के साथ दूसरे विकेट के लिए उनकी 25 गेंद में 47 रन की साझेदारी को तोड़ा। चावला ने 10वें ओवर में पंजाब को दो झटके दिये। लियाम लिविंगस्टोन (12 गेंद में 10 रन) स्टंप हुए तो वहीं तायडे गेंद को विकेट पर खेल बैठे। हरप्रीत भाटिया और कप्तान सैम कुरेन अगले चार ओवर में सिर्फ 22 रन बटोर सके। कुरेन ने 15वें ओवर में ऋतिक शौकिन के खिलाफ छक्का लगाकर रन गति को तेज किया तो वही 16वें ओवर में तेंदुलकर का स्वागत छक्के से किया। उन्होंने इस ओवर में एक चौका जड़ स्ट्राइक भाटिया को दिया जिन्होंन छक्का और दो चौका लगाया।

पंजाब ने इस ओवर से 31 रन बटोरे। यह इस आईपीएल के सबसे महंगे ओवर के बराबर है। हरप्रीत ने आर्चर के खिलाफ तो वहीं कुरेन ने ग्रीन के खिलाफ लगातार दो गेंदों पर छक्का लगाया। ग्रीन ने 18वें ओवर की चौथी गेंद पर भाटिया को बोल्ड किया लेकिन क्रीज पर आये जितेश शर्मा ने लगातार दो छक्के लगा दिये। कुरेन 19वें ओवर में आर्चर के खिलाफ दो चौके जड़ इस सत्र का पहला अर्धशतक पूरा किया लेकिन आखिरी गेंद पर आउट हो गये। जितेश शर्मा ने आखिरी ओवर में आउट होने से पहले बेहरनडोर्फ के खिलाफ दो छक्के लगाकर स्कोर को 200 के पार पहुंचा दिया।

# आईपीएल 2023 में अर्शदीप सिंह ने कर दिया बीसीसीआई का लाखों का नुकसान, इस कीमत में आ जाती एसयूवी

पंजाब किंग्स के युवा तेज गेंदबाज अर्शदीप सिंह ने अपनी डेथ बॉलिंग से एक बार फिर कमाल करने के साथ ही लाखों रुपये का नुकसान कर दिया है। एक तरफ जहां अर्शदीप सिंह की जबरदस्त गेंदबाजी की बदौलत पंजाब किंग्स की टीम जीत हासिल कर सकी। अर्शदीप ने जितने रुपये का बीसीसीआई का नुकसान किया है उतनी राशि में आम व्यक्ति आसानी से एसयूवी या शानदार घर खरीद सकता है।

इस मुकाबले में मुंबई इंडियंस को अंतिम ओवर में जीत के लिए 16 रनों की आवश्यकता थी। पंजाब किंग्स के कप्तान सैम करन ने अर्शदीप सिंह से गेंजबाजी करवाने का फैसला किया। उन्होंने अंतिम ओवर में ऐसी शानदार गेंदबाजी की कि मुंबई इंडियंस के हाथ से मैच निकल गया। अंतिम ओवर की पहली गेंद पर टिवम डेविड ने एक रन लिया। दूसरी गेंद पर कोई रन नहीं लिया गया। तीसरी गेंद पर तिलक वर्मा क्लीन बोल्ड हुए। इस विकेट के साथ ही अर्शदीप ने मिडिल स्टंप भी तोड़ दिया। इसके बाद चौथी गेंद पर भी यही कारनामा दोहराया गया। अर्शदीप ने इस बार नेहाल वडेरा का विकेट क्लीन बोल्ड कर झटका। साथ ही मिडिल स्टंप भी तोड़ दिया।



खास बात है कि स्टंप तोड़ने से पंजाब की टीम को जीत जरुर मिल गई है मगर इससे बीसीसीआई को काफी अधिक नुकसान उठाना पड़ा है। बीसीसीआई को लाखों रुपये का नुकसान उठाना पड़ा है। एलईडी स्टंप्स और जिंग बेल्स के एक सेट की कीमत 30 लाख रुपये के आस पास है। एक तरफ जहां दो बार स्टंप्स तोड़े गए हैं वहीं इससे बोर्ड को काफी नुकसान उठाना पड़ा है।

अर्शदीप सिंह ने इंडियन प्रीमियर लीग के मौजूदा सत्र में अपनी सफलता का श्रेय दबाव के क्षणों में शांत रहने और अपने रनअप में मुंबई को 13 रन से दी मात पंजाब के युवा तेज गेंदबाज बदलाव को दिया जिसकी वजह से नोबॉल पर नियंत्रण कर सके। अर्शदीप की शानदार गेंदबाजी के दम पर पंजाब किंग्स ने वानखेड़े स्टेडियम पर मुंबई इंडियंस को 13 रन से हराया। अर्शदीप ने चार विकेट चटकाये जिनमें से लगातार दो आखिरी ओवर में मिले।

अर्शदीप ने मैच के बाद कहा ,'' विकेट लेकर अच्छा लगता है। जीतकर बेहतर महसूस हो रहा है। आईपीएल से पहले मैने अपना रनअप बदला जिससे नोबॉल पर नियंत्रण रहा। लय अच्छी है और मुझे खेलने में मजा आ रहा है।'' अर्शदीप अब तक सात मैचों में 13 विकेट ले चुके हैं। दबाव के क्षणों में अपनी मानसिकता के बारे में उन्होंने कहा ,'' मेरा स्वभाव ही शांत है। मेरे दिल की धड़कन 120 से ऊपर नहीं जाती।'' पंजाब किंग्स के कप्तान सैम कुरेन ने मुंबई के घरेलू मैदान पर मिली जीत को खास बताया।

कुरेन ने कहा ,''यह खास जीत है। मुझे नहीं लगा था कि मुझे प्लेयर आफ द मैच पुरस्कार मिलेगा क्योंकि तेज गेंदबाजों ने शानदार प्रदर्शन किया था।'' मुंबई इंडियंस के कप्तान रोहित शर्मा ने स्वीकार किया कि उनकी टीम ने कुछ गलतियां की लेकिन इस पर बहुत चिंता करने की जरूरत नहीं है। उन्होंने कहा ,'' मैं टीम से अपना मनोबल बनाये रखने के लिये कहूंगा। अभी टूर्नामेंट में काफी मैच बाकी है। ग्रीन और सूर्यकुमार ने शानदार बल्लेबाजी की लेकिन अर्शदीप ने उनके लिये उम्दा गेंदबाजी की।

# खिलाड़ियों से मनोबल बनाये रखने के लिए कहूंगाः रोहित

बड़े स्कोर वाले मुकाबले में पंजाब किंग्स के खिलाफ 13 रन



की हार के बाद मुंबई इंडियंस के कप्तान रोहित शर्मा ने कहा कि वह चाहेंगे की टीम के खिलाड़ी अपना मनोबल बनाये रखे। पंजाब ने आठ विकेट पर 214 रन बनाने के बाद मुंबई को छह विकेट पर 201 रन पर रोक दिया। मुंबई की टीम हालांकि 19वें ओवर के बाद अच्छी स्थिति में थी जब टीम को जीत के लिए 16 रन चाहिये थे और उसके छह विकेट बचे हुए थे। अर्शदीप सिंह ने हालांकि इस ओवर में सिर्फ दो रन दिये और दो विकेट चटकाये। रोहित ने मैच के बाद प्रसारकों से कहा, '' हमसे कुछ गलतियां हुईं लेकिन हम इस पर ज्यादा ध्यान नहीं देंगे। खिलाड़ियों से कहेंगे कि अपना मनोबल बनाये रखे। '' रोहित ने कहा, '' हमने अब तक छह मैच खेले है और इसमें तीन जीते और तीन में हारे है। टूर्नामेंट में काफी समय बचा है, हमें प्रतिस्पर्धी बने रहने की जरूरत है।'' उन्होंने मैच में अपनी टीम को बनाये रखने के लिए सूर्यकुमार यादव और कैमरून ग्रीन की तारीफ करने के साथ पंजाब को जीत दिलाने का श्रेय अर्शदीप को दिया। उन्होंने कहा, '' सूर्या और ग्रीन ने अच्छी बल्लेबाजी की और हमें आखिर तक मैच में बनाये रखा। अर्शदीप को उनकी गेंदबाजी का श्रेय जाता। आज हमारा दिन नहीं लेकिन हमने अच्छी टक्कर दी।

# स्वतः संज्ञान के अधिकार का मूल उद्देश्य जनहित है, निजी सुख नहीं : PM Sharif

पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने शनिवार को कहा



कि स्वतः संज्ञान के अधिकार का मौलिक उद्देश्य उसका इस्तेमाल जनहित के लिए करना है, न कि किसी खास इंसान के लिए। शरीफ का यह बयान सत्तारूढ़ गठबंधन और न्यायपालिका के बीच जारी तनातनी के बीच आया है। पाकिस्तान मुस्लिम लीग–नवाज (पीएमएल–एन) नीत सरकार उच्चतम न्यायालय (कार्यप्रणाली औरप्रक्रिया) विधेयक 2023 को कानूनी रूप देने का प्रयास कर रही है, जिसका लक्ष्य पाकिस्तान के प्रधान न्यायाधीश उमर अटा बांदियाल के स्वतरू संज्ञान लेने की शक्ति को कम करना और मामलों की सुनवाई के लिए न्यायाधीशों के पैनल का गठन करना है। सरकार के इस कदम को लेकर विध ाायिका और न्यायपालिका के बीच ठनी हुई है। शुरुआत में इस विधेयक को संसद के दोनों सदनों ने पारित कर दिया और कानूनी रूप देने के लिए इसे राष्ट्रपति आरिफ अल्वी के पास हस्ताक्षर के लिए भेजा गया। लेकिन, पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान की पार्टी पाकिस्तान तहरीक–ए–इंसाफ (पीटीआई) से ताल्लुक रखने वाले राष्ट्रपति अल्वी ने इसे लौटाते हुए कहा कि प्रस्तावित कानून ''संसद के दायरे से बहुत बाहर है।'' हालांकि, 10 अप्रैल को संसद के दोनों सदनों की संयुक्त बैठक में खान की पार्टी के सदस्यों के हंगामे के बीच यह विधेयक फिर से पारित हो गया। शुक्रवार को पाकिस्तान की नेशनल असेंबली ने इस कानून को अधिसूचित कर दिया। 'द डॉन' अखबार की खबर के अनुसार, लाहौर की कोटलखपत जेल का दौरा करने और वहां के कैदियों की स्थिति के बारे में जानकारी लेने के बाद मीडिया से बातचीत में प्रधानमंत्री शरीफ ने सवाल किया कि जेलों और उनमें बंद कैदियों से जुड़े मुद्दों पर अदालत ने कितनी बार स्वतरू संज्ञान लिया है। अखबार के मुताबिक, शरीफ ने कहा कि उच्चतम न्यायालय को जनहित के मुद्दों पर स्वतरू संज्ञान लेने और उन पर सुनवाई करने का अध‍ि ाकार प्राप्त है। प्रधानमंत्री ने कहा, ''क्या आपने जेल अधिकारियों से पूछा कि उनके पास कितने कैदी हैं, क्योंकि स्वतरू संज्ञान नोटिस का मूल उद्देश्य जनहित है... निजी सुख नहीं। कैदियों के साथ न्याय और उनकी भलाई से जुड़े मुद्दों पर कितने स्वतरू संज्ञान लिए गए हैं।'' उन्होंने कहा कि लाहौर जेल में चार हजार, पंजाब जेल में 50 हजार और देश की अन्य जेलों में लाखों कैदी बंद हैं। शरीफ ने कहा, ''हजारों ऐसे कैदी हैं, जिन्हें कानूनी रूप से तत्काल रिहा किया जा सकता है। अदालतों ने इस दिशा में कितना काम किया है। देश की जनता मुझसे और संस्थाओं से यह सवाल पूछती है।

# सचिन तेंदुलकर की बाउंसर से जब फ्रैक्चर हो गयी थी बंटू सिंह की नाक, पूर्व क्रिकेटर ने साँझा किया वाक्या

सचिन तेंदुलकर ने अपनी जबरदस्त बल्लेबाजी से कई गेंदबाजों को डराया लेकिन 1991 में दिल्ली और मुंबई के बीच खेले गए रणजी मैच में 'मास्टर ब्लास्टर' की गेंद पर बंटू सिंह के नाक में कई फ्रैक्चर हो गए और खून बहने लगा। बंटू 1980 और 90 के दशक में दिल्ली की बल्लेबाजी के स्तंभ थे। उन्होंने तेंदुलकर के 50वें जन्मदिन से एक दिन पहले बातचीत में 32 साल पहले के वाक्यें को याद दिया। यह घटना 20 अप्रैल 1991 को घटी थी। उन्होंने कहा, ''मेरे नाक का नक्शा बदल गया, तेंदुलकर के उस बाउंसर के बाद अब मेरे पास एक नया नाक है।'' उस दौर में मुंबई और दिल्ली की प्रतिद्वंद्विता चरम पर थी और दोनों टीमों के बीच कांटे का मुकाबला होता था। बंटू ने बताया,



'' हमने कोटला में एक घसियाली पिच तैयार करने की कोशिश की थी, जिस पर गेंद को उछाल मिलता लेकिन बाद में यह बल्लेबाजों के लिए स्वर्ग बन गया। हमारे तेज गेंदबाज संजीव (शर्मा) और अतुल (वासन) ने अपना आखिरी सत्र खेल रहे दिलीप भाई (वेंगसरकर) को कुछ बाउंसर फेंके थे।'' उन्होंने कहा, ''मुझे याद है कि कम से कम दो मौकों पर, अतुल के बाउंसरों ने दिलीप भाई के सीने पर लगा था और छींटाकशी शुरू हो गई थी। दिल्ली की टीम क्वार्टर फाइनल में एक रन से हार गई क्योंकि उन्होंने पहली पारी में मुंबई के 390 रन के जवाब में 389 रन बनाये थे। दूसरी पारी में मुंबई ने संजय मांजरेकर, तेंदुलकर और चंद्रकांत पंडित के शतकों की मदद से 719 रन बनाकर मैच अपने नाम कर लिया। उन्होंने कहा, ''मुझे यह चोट दूसरी पारी में लगी थी। पहली पारी में मैंने शतक बनाया था और महज औपचारिकता वाली दूसरी पारी में मैंने तेंदुलकर के खिलाफ चौका जड़ा लेकिन उनकी अगली गेंद घास पर टप्पा खाकर उछाल लेती हुए तेजी मेरी ओर आयी, मैने पुल शॉट खेला और गेंद बल्ले का किनारा लेते हुए नाक पर जा लगी। यह चोट इतना गंभीर था कि मैंने अपना संतुलन खो दिया, मांजरेकर स्लिप से दौड़कर मेरे पास पहुंचे और मुझे गिरने से बचाया। मेरा और मांजरेकर दोनों का शार्ट खून से लाल हो गया था।''

बंटू को कोटला के ठीक पीछे संजीवन अस्पताल ले जाया गया और पता चला कि उसकी नाक में कई फ्रैक्चर हैं, जिसके लिए सर्जरी की जरूरत है। उन्हें कम से कम दो महीने तक तरल आहार पर रहना पड़ा। बंटू ने हालांकि तेंदुलकर की इंसानियत को याद किया। उन्होंने कहा, ''मुंबई की टीम मैच समाप्त होने के बाद उसी शाम को चली गई थी। रात के लगभग 11 बजे थे कि हमारे लैंडलाइन फोन की घंटी बजी और मेरे पिताजी ने उठाया। दूसरी तरफ तेंदुलकर थे। पता नहीं उन्होंने मेरा फोन नंबर कैसे ढूंढा। उन्होंने मेरे उसने पिताजी से पूछा, 'बंटू कैसे है? डॉक्टर क्या कह रहे हैं?'।'' बंटू ने बताया, ''बाद में, जब भी हम मिलते थे, वह पूछते थे, 'नाक ठीक है न तेरा'।

# भारत यात्रा से पहले 'होम–वर्क' करने की जरूरतः नेपाल पीएम 'प्रचंड'

नेपाल के प्रधानमंत्री पुष्प कमल दाहाल प्रचंड अगले महीने होने वाली अपनी बहुप्रचारित भारत यात्रा से पहले व्यापक तैयारियां कर रहे हैं और उन्होंने कहा है कि यात्रा शुरू करने से पहले उन्हें होम–वर्क करने की जरूरत है। उनकी भारत यात्रा की आध‍ि ाकारिक तारीख अभी घोषित नहीं की गई है। प्रधानमंत्री के एक सहयोगी ने कहा कि प्रचंड मई के पहले या दूसरे सप्ताह में नयी दिल्ली जा सकते हैं। पिछले साल दिसंबर में नेपाल का प्रधानमंत्री बनने के बाद से यह उनकी पहली विदेश यात्रा होगी। द्विपक्षीय संबंधों को बढ़ावा देने और व्यापार, ऊर्जा, कृषि, संस्कृति तथा हवाई सेवा से जुड़ी चर्चा भारतीय नेताओं के साथ उनकी बातचीत में प्रमुखता से शामिल होगी। प्रचंड ने यहां एक कार्यक्रम में कहा, मैं भारत की अपनी आगामी यात्रा की तैयारी कर रहा हूं, जो जल्द ही हो रही है। हमें यात्रा से पहले उचित होम–वर्क करने की आवश्यकता है। विदेश मंत्रालय के अधिकारियों ने उनकी यात्रा के लिए जमीनी कार्य शुरू कर दिया है। इस साल की शुरुआत में प्रचंड ने घोषणा की थी कि वह पद संभालने के बाद अपनी पहली विदेश यात्रा पर भारत जाएंगे। पिछले साल जुलाई में प्रचंड भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जे पी नड्डा के निमंत्रण पर भारत गए थे। उस समय उन्होंने भाजपा अध्यक्ष के अलावा विदेश मंत्री एस जयशंकर और राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजीत डोभाल से भी मुलाकात की थी। प्रचंड ने पिछले साल 26 दिसंबर को तीसरी बार प्रधानमंत्री के रूप में शपथ ली थी। उन्होंने नाटकीय रूप से नेपाली कांग्रेस के नेतृत्व वाले चुनाव पूर्व गठबंधन से बाहर निकलकर विपक्ष के नेता के पी शर्मा ओली से हाथ मिला लिया था।

# सऊदी अरब से दो अरब डॉलर की सहायता पाने को चंपेजंद ईद के बाद कर सकता है समझौता

नकदी संकट से जूझ रहा पाकिस्तान दो अरब डॉलर की अतिरिक्त जमा पाने के लिए सऊदी अरब के साथ ईद के बाद समझौता कर सकता है। सरकारी अधिकारियों ने शनिवार को यह जानकारी दी। इस कदम से पाकिस्तान को अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) से राहत पैकेज हासिल करने में मदद मिलेगी, जिसकी उसे इस समय बहुत अधिक जरूरत है। पाकिस्तान ने आईएमएफ के साथ समझौता



करने के लिए मार्च में सऊदी अरब से धनराशि देने की पुष्टि करने का आग्रह किया था। पाकिस्तान को इसी महीने रियाद से अतिरिक्त राशि जारी करने की मंजूरी मिली थी। पाकिस्तान को सऊदी अरब से यह सहयोग बेहद महत्वपूर्ण समय में मिल रहा है। आईएमएफ के साथ 2019 में हस्ताक्षरित कार्यक्रम 30 जून, 2023 को निष्क्रिय हो जाएगा और तय दिशानिर्देशों के अनुसार उसके बाद कार्यक्रम को आगे नहीं बढ़ाया जा सकेगा। आईएमएफ ने पाकिस्तान के सामने एक शर्त रखी है कि उसे सात अरब डॉलर का राहत पैकेज पाने के लिए पहले दूसरे देशों से तीन अरब डॉलर जुटाने होंगे। एक शीर्ष अधिकारी ने द न्यूज इंटरनेशनल को बताया कि स्टेट बैंक ऑफ पाकिस्तान दो अरब डॉलर के अतिरिक्त जमा के लिए ईद के तुरंत बाद सऊदी फंड ऑफ डेवलपमेंट (एसएफडी) के साथ एक समझौता करेगा। रिपोर्ट के अनुसार, अधिकारी ने कहा कि सऊदी अरब ने आईएमएफ से द्विपक्षीय सहयोग की पुष्टि कर दी है।

# इमरान खान की पार्टी ने चुनावी तैयारियां की शुरू, सोमवार से पंजाब सूबे में चुनाव प्रचार की होगी शुरुआत

इस्लामाबाद। पकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान की पाकिस्तान तहरीक–ए–इंसाफ पार्टी (पीटीआई) ने रविवार को घोषणा की कि वह सोमवार को आधिकारिक रूप से पंजाब विध ाानसभा चुनाव के लिए प्रचार शुरू करेगी। हालांकि, अबतक पंजाब सूबे में चुनाव के तरीखों की घोषणा नहीं की गई है। पीटीआई के महासचिव असद उमर ने कहा, ''तहरीक–ए–इंसाफ कल से आध‍ि ाकारिक रूप से अपना चुनाव प्रचार शुरू करेगी। वे (सत्तारूढ़ पाकिस्तान डेमोक्रेटिक मूवमेंट गठबंधन) चुनाव के लिए तैयार नहीं हैं, लेकिन हम तैयार हैं।'' यह रोचक है कि पीटीआई ने अनिश्चितता के बीच देश के सबसे अधिक आबादी वाले राज्य में चुनाव प्रचार शुरू कर रही है। इस सूबे से सबसे अधिक करीब 150 सदस्य संसद के लिए निर्वाचित होते हैं। पाकिस्तान निर्वाचन आयोग चुनाव कराने के लिए संघीय सरकार से कोष मिलने का इंतजार कर रहा है।

## भड़सरा में पोखरी में डूबने से वृद्ध की मौत

बरहज। क्षेत्र के भड़सरा गांव स्थित एक पोखरी में शाम डूबने से जयनगर–गौरा निवासी देवनारायण (72) सोनकर की मौत हो गई। जानकारी होने पर घर में रोना–पिटना मच गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में ले लिया। देवनारायण भड़सरा गांव स्थित रेलवे लाइन के निकट एक पोखरी में सिंघाड़ा की खेती किए हुए थे। परिजनों के अनुसार वह रोज की भांति सिंघाड़ा निकालने गए हुए थे। इसी बीच अचानक छोटी नाव पलट गई। जिससे वह डूब गए। हादसा देख आसपास के लोगों ने शोर मचाया। जिसे सुनकर लोग दौड़ पड़े। जानकारी होने पर परिवार और वार्ड के लोग भी पहुंच गए। करीब आधे घंटे के रेस्क्यू के बाद उन्हें बाहर निकाला जा सका। मौके पर ही उनकी मौत हो गई। देवनारायण के मौत की जानकारी होने पर पत्नी देवंती पछाड़ खाकर गिर पड़ी। जबकि पुत्री सुनैना और वंदना का रो–रो कर बुरा हाल था। घटना से सभी हतप्रभ थे। सभी ईश्वर को कोस रहे थे। इंस्पेक्टर कपिलदेव चौधरी ने बताया कि सूचना पर पुलिस गई थी। शव को कब्जे में ले लिया गया है। पुत्री को डोली में विदा करने का सपना रह गया अधूराः बरहज। जयनगर–गौरा निवासी और मजदूर देवनारायण सिंघाड़ा आदि बेचकर परिवार की जीविका चलाते थे। उनकी तीन पुत्रियां रेनू, सुनैना और वंदना हैं। उन्होंने बड़ी पुत्री रेनू की शादी कर दिया था। जबकि सुनैना और वंदना के शादी के लिए अपने कमाई से पैसा इकठ्ठा कर रहे थे। लोगों के अनुसार पुत्री सुनैना के रिश्ते के लिए कुछ जगहों पर बात चल रही थी। लेकिन ईश्वर को कुछ और ही मंजूर था। देवनारायण की पुत्री को डोली विदा करने की हसरत अधूरी रह गई। घटना से सभी हतप्रभ हैं। मोहल्ले में सन्नाटा है।

## गौरीबाजार में निवर्तमान अध्यक्ष को नहीं मिला सिंबल

देवरिया। गौरीबाजार नगर पंचायत के सपा के निर्वतमान अध्यक्ष निलेश जायसवाल ने जिस भाजपा प्रत्याशी को पिछले चुनाव में करीब एक हजार मतों से हराया था। वहीं ईश्वर चंद जायसवाल इस बार साइकिल पर सवार हो गए हैं, जबकि निवर्तमान अध्यक्ष को रिक्शा की सवारी करनी मजबूरी हो गई है। इस सीट को लेकर समाजवादी पार्टी में घमासान भी मचा हुआ है। आरोप–प्रत्यारोप भी लग रहे हैं। इसके कारण गौरीबाजार नगर पंचायत का चुनाव काफी रोचक हो गया है। गौरीबाजार से निलेश जायसवाल दो बार नगर पंचायत अध्यक्ष रह चुके हैं। 2017 के चुनाव में ईश्वर चंद जायसवाल भाजपा के प्रत्याशी रहे और निलेश ने उन्हें एक हजार मतों से पराजित कर दिया था। इस बार के चुनाव में राजनीतिक परिदृश्य बदल गया है। उन्होंने जिलाध्यक्ष और पार्टी के अन्य नेताओं को पत्र भेज कर बताया था कि राष्ट्रीय अध्यक्ष का स्पष्ट था कि किसी भी निवर्तमान चेयरमैन का टिकट नहीं काटा जाएगा। पर इसके बावजूद भी ईश्वर चंद जायसवाल को सपा ने प्रत्याशी बना दिया। इसे लेकर निलेश ने प्रदेश अध्यक्ष नरेश उत्तम पटेल से गुहार लगाई है। शुक्रवार की शाम को सपा प्रदेश अध्यक्ष ने निलेश जायसवाल का प्रारूप 7क निरस्त करते हुए निलेश को समाजवादी पार्टी का अंतिम अनुमोदित प्रत्याशी मानते हुए सिंबल आवंटित करने के लिए रिटर्निंग अधिकारी नगरीय गौरीबाजार को पत्र दिया है। प्रारूप के साथ पत्र लगाकर जब निवर्तमान अध्यक्ष रिटर्निंग अफसर के पास पहुंचे तो समय बीत चुका था। इस कारण निलेश को निर्दल प्रत्याशी घोषित किया गया। अब हालत यह है कि सपा कार्यकर्ता गौरीबाजार में असमंजस्य की स्थिति का सामना कर रहे हैं। एक तरफ सपा के रंग का झंडा निर्दल प्रत्याशी निलेश उपयोग कर रहे हैं तो दूसरी तरफ ईश्वर चंद जायसवाल कर रहे हैं। अब देखना है कि आने वाले चुनाव परिणाम में सपा का कब्जा बरकरार रहता है या फिर घमासान की वजह से नुकसान उठाना पड़ सकता है।

## बेटियों को बचाने में ट्रेन के आगे आई मां, मौत, एक बच्ची घायल

देवरिया। भटनी थाना क्षेत्र के पिपरा देवराज के पास शनिवार शाम को अपनी तीन बेटियों को बचाने के दौरान एक मां की जान चली गई। जबकि एक बच्ची गंभीर रूप से घायल हो गई। दो अन्य को हल्की चोट आई है। गंभीर रूप से घायल बड़ी बेटी को इलाज के लिए सदर अस्पताल भेजा गया और दो अन्य का नजदीक के एक प्राइवेट अस्पताल में इलाज कराया गया। भटनी से लौटते समय रेलवे ट्रैक पार करने के दौरान बच्चियों को बचाने में ट्रेन के आगे मां आ गई। जिससे चपेट में आने से मां की मौके पर ही मौत हो गई। मौके पर पहुंची भटनी और खुखुंदू पुलिस जांच पड़ताल में जुटी रही। घटना के बाद गांव का माहौल गमगीन हो गया। खुखुंदू थाना क्षेत्र के पवनार के रहने वाले रजनीश प्रसाद की पत्नी सुनीता देवी (35) घर पर चार बेटियों को लेकर रहती थी। रजनीश परिवार के भरण पोषण के लिए सूरत में रहकर जाब करते हैं। शनिवार को पत्नी सुनीता देवी अपनी तीन बेटियों गीतांजलि कुमारी (13), अमृता कुमारी (10) और स्नेहा (8) को लेकर भटनी बाजार करने गई थी। जबकि चौथी बेटी पारो (4) को तेज धूप के चलते घर पर छोड़ गई थी। भटनी से बाजार कर वह बच्चियों के साथ रेलवे ट्रैक के रास्ते पैदल गांव आ रही थी। पुलिस के मुताबिक पिपरा देवराज के पास रेलवे ट्रैक पार करते समय कोई ट्रेन आ गई। बच्चियों को बचाने के दौरान ट्रेन की चपेट में आने से सुनीता देवी की मौके पर ही मौत हो गई। हादसे में बड़ी बेटी गीतांजलि कुमारी गंभीर रूप से घायल हो गई है। इलाज के लिए सदर अस्पताल भेजा गया। जबकि अमृता और स्नेहा का नजदीक के एक प्राइवेट अस्पताल में इलाज कराया गया। इस हृदयविदारक घटना से गांव में हर कोई स्तब्ध है। परिवार में चीख पुकार मची है। इंस्पेक्टर संतोष कुमार सिंह ने बताया कि हादसे की सूचना मिलते ही मौके पर एसआई अभिषेक यादव पुलिस फोर्स के साथ पहुंच गए। जबकि घटनास्थल भटनी में होने से भटनी एसआई अंकित सिंह भी पुलिस फोर्स के साथ पहुंचे थे। ट्रेन की चपेट में आने से महिला की मौत हुई है।

## द्वितीय रेंडमाइजेशन सम्पन्न

कुशीनगर । जनपद के 3 नगर पालिका परिषद व 10 नगर पंचायत के चुनाव में 2712 मतदान कार्मिकों को लगाया जाएगा। इसके लिए नियुक्त मतदान कार्मिकों का जिला निर्वाचन अधिकारीध्जिलाधिकारी रमेश रंजन की अध्यक्षता में मुख्य विकास अधिकारी गुंजन द्विवेदी व उप जिला निर्वाचन अधिकारीध्एडीएम देवी दयाल वर्मा की उपस्थिति में एनआईसी में द्वितीय रेंडमाइजेशन कराया गया। मुख्य विकास अधिकारी को प्रभारी अधिकारी कार्मिक नियुक्त किया गया है। जिनकी उपस्थिति में कलेक्ट्रेट स्थित एनआईसी में नगर निकाय चुनाव के लिए लगाए गए कार्मिकों का द्वितीय रेंडमाइजेशन कराया गया। विदित हो कि जनपद के 3 नगर पालिका परिषद व 10 नगर पंचायत में मतदान हेतु चुनाव को निर्विवाद संपन्न कराने के लिए 678 पार्टियां बनाई गई हैं। जिसमें 2712 कर्मिकों की ड्यूटी लगाई गई है। जिनका प्रशिक्षण 26 अप्रैल से 29 अप्रैल तक उदित नारायण इंटर कॉलेज पडरौना में होगा। छुटे हुए कार्मिकों का प्रशिक्षण 30 अप्रैल को उदित नारायण इंटर कॉलेज पडरौना में होगा। प्रथम पाली प्रातः 10 बजे से 01 बजे तक व द्वितीय पाली प्रशिक्षण दोपहर 02 बजे से 05 बजे तक होगा। इस दौरान परियोजना निदेशक जगदीश त्रिपाठी, सहायक जिला निर्वाचन अधिकारीध्उपजिलाधिकारी व्यास नारायण, जिला विद्यालय निरीक्षक रविन्द्र सिंह, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी डॉ.राम जियावन मौर्य, जिला सूचना विज्ञान अधिकारी मनीष गुप्ता मौजूद रहे।

# फार्मासिस्ट सहित नौ लोग मिले कोरोना पॉजिटिव

## जिले एक्टिव केस की संख्या हुई 19, होम आइलोसेशन से एक मरीज हुआ ठीक

देवरिया। कोरोना संक्रमण तेजी से फैल रहा है। जिले में आरबीएसके के एक फार्मासिस्ट सहित नौ लोग पॉजिटिव मिले हैं। सभी का होम आइसोलेशन में इलाज चल रहा है। एक्टिव केस की संख्या 19 हो गई है। वहीं होम आइसोलेशन का एक मरीज ठीक हुआ है। इसके बाद भी लोग सावधानी नहीं बरत रहे हैं। इससे पहले तीन डॉक्टर संक्रमित हो चुके हैं।

जनपद में आए दिन कोरोना संक्रमित मिल रहे हैं। प्रशासन और स्वास्थ्य महकमा सर्तक हो गया है। लोगों को जागरूक करने के साथ कोविड प्रोटोकाल का पालन करने को कहा जा रहा है। पर इस बीमारी को लेकर लोग अब भी लापरवाह बने हुए हैं। कहीं सोशल डिस्टेंसिग का पालन नहीं किया जा रहा हैं, वहीं लोग बिना मास्क के घर से निकल रहे हैं। लोग सजग नहीं हुए तो दिक्कत हो सकती है। शनिवार को आई रिपोर्ट में शहर के एक मोहल्ले का व्यक्ति सर्दी, जुकाम व शरीर दर्द की शिकायत लेकर अस्पताल पहुंचा, जहां जांच में संक्रमित मिला, वहीं एक महिला भी पॉजिटिव मिली है।

विकास खंड भाटपारानी के आरबीएसके के फार्मासिस्ट सर्दी, जुकाम, बुखार, खांसी से पीड़ित थे। वह अस्पताल में जांच कराए तो संक्रमित मिले। इसी क्षेत्र का बुखार से पीड़ित एक किशोर भी पॉजिटिव मिला है। विकास खंड भटनी क्षेत्र का एक युवक गेहूं की कटाई किए था। दिक्कत होने पर डॉक्टर को दिखाया, जांच कराने पर संक्रमित मिला। इसी ब्लाक की एक महिला बुखार, खांसी से पीड़ित थी, जांच कराने पर पॉजिटिव मिली। इसी क्षेत्र का एक व्यक्ति धूप में गेहूं की कटाई व दवरी किया। इसके बार बुखार की चपेट में आ गया, जांच कराने पर संक्रमित मिला। गौरीबाजार ब्लाक क्षेत्र की सर्दी, जुकाम व शरीर दर्द से पीड़ित महिला अस्पताल पहुंची, जहां जांच में पॉजिटिव मिली। उनका पुत्र भी संक्रमित मिला है। सभी संक्रमितों के परिवार के सदस्यों की जांच कराई जा ही है। महेन पीएचसी के प्रभारी चिकित्साधिकारी, मेडिकल कॉलेज के एक जूनियर डॉक्टर और भाटपाररानी के आयुष चिकित्सक भी कोरोना संक्रमित हो चुके हैं। हालांकि जूनियर डॉक्टर को छोड़ अन्य दो चिकित्सकों की रिपोर्ट निगेटिव आ चुकी है।

कोरोना संक्रमण की रोकथाम के लिए प्रयास किए जा रहे हैं। जांच बढ़ा दी गई है। शुक्रवार को 503 सैंपल की जांच की गई। संक्रमण कमजोर है। इससे घबराने की बात नहीं है। जिले में नौ पॉजिटिव केस मिले हैं। एक्टिव केस 19 है। सभी पॉजिटिव को दवा दी गई है। आरआार टीम सक्रिय कर दी गई है, जो संक्रमितों की निगरानी कर रहे हैं। पॉजिटिव लोगों के परिवार व संपर्क में आने वालों की जांच कराई जा रही है। लोगों को जागरूक किया जा रहा है। इसे लेकर सभी को सावधानी बरतने की जरूरत है। किसी को दिक्कत होने पर सीयूजी नंबर व कोविड कमांडर सेंटर पर फोन कर सहयोग ले सकता है।

# ड्यूटी से घर लौट रही आशा कार्यकर्ता गश खाकर गिरी, मौत

## संचारी रोग नियंत्रण अभियान में लगी थी ड्यूटी, चिकित्सकों के अनुसार हीट स्ट्रोक से मौत की आशंका

गौरीबाजार। संचारी रोग नियंत्रण दस्तक अभियान के तहत ड्यूटी कर घर लौट रही एक आशा कार्यकर्ता की शुक्रवार को तबीयत अचानक खराब हो गई। परिजन उसे लेकर सीएचसी पहुंचे, जहां डॉक्टरों ने हालत गंभीर देख मेडिकल कॉलेज गोरखपुर रेफर कर दिया। वहां ले जाते समय रास्ते में ही मौत हो गई। सीएचसी के डॉक्टरों ने आशंका जताई कि तेज धूप और गर्मी के कारण आशा कार्यकर्ता हीट स्ट्रोक की चपेट में आ गई थीं, जिससे उनकी हालत नाजुक थी। बर्दगोनिया गांव निवासी मेवाती (45) पत्नी रामकेवल निषाद करीब दस साल से आशा कार्यकर्ता के रूप में तैनात थीं। उसने गांव में घूम–घूमकर संचारी रोग के प्रति लोगों को जागरूक किया। शाम को वह घर लौट रही थी। इसी दौरान बर्दगोनिया गांव में चक्कर आने से गिर गई। परिजन उसे लेकर सीएचसी पहुंचे, जहां से जिला अस्पताल भेज दिया गया। वहां हालत में सुधार न होने पर डॉक्टरों ने मेडिकल कॉलेज गोरखपुर रेफर कर दिया।

परिजन उसे लेकर जा रहे थे कि रास्ते में उसने दम तोड़ दिया। मेडिकल कॉलेज पहुंचने पर डॉक्टरों में मृत घोषित कर दिया। सीएचसी प्रभारी डॉ. बीएन गिरि ने बताया कि आशा कार्यकर्ता ड्यूटी से घर लौट रही थी। इस बीच तबीयत खराब होने से उसकी मौत हो गई है। आशंका है कि तेज धूप और गर्मी के कारण वह हीट स्ट्रोक की शिकार हो गई थीं। बताया कि इसकी जानकारी सीएमओ डॉ. राजेश झा सहित अन्य अधिकारियों को दी गई है।

पति की अनुपस्थिति में भतीजे ने दी आशा वर्कर को मुखाग्निः बर्दगोनिया निवासी आशा कार्यकर्ता मेवाती देवी के पति रामकेवल दुबई में रहते हैं। परिजन बिना पोस्टमार्टम कराए शव का दाह संस्कार शनिवार को कर दिए। मुखाग्नि उसके भतीजे अभिमन्यु निषाद ने दी। उसकी आकस्मिक मौत से परिजनों का रो–रोकर बुरा हाल है। सुबह आशा कार्यकर्ता के घर बर्दगोनियां पहुंची स्वास्थ्य विभाग की टीम ने परिजनों को हर संभव सहायता का आश्वासन दिया। ग्रामीणों एवं स्वास्थ्य कर्मियों के अनुसार 45 वर्षीय आशा वर्कर मेवाती देवी गौरी बाजार सीएससी पर पिछले दस वर्षों से कार्यरत थी। उसकी ड्यूटी बर्दगोनियां गांव में थी। उसके पति रामकेवल निषाद दुबई में रहते हैं। घर पर सास, ससुर मिठाई निषाद, देवर राम नवल निषाद एवं अन्य परिवारजन रहते है। परिजनों का रो–रो कर बुरा हाल है।

# जय परशुराम के नारों से गुंजा नगर, धूमधाम से निकाली गयी परशुराम जन्मोत्सव शोभायात्रा

कुशीनगर। जनपद ज के पडरौना नगर में अक्षय तृतीया को भगवान परशुराम जन्मोत्सव पं0 राजेश पांडेय के नेतृत्त्व में धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर भव्य शोभायात्रा का आयोजन किया गया। जिसमें बड़ी संख्या में विप्र समाज के लोगों ने भाग लिया। भगवान परशुराम का जन्मोत्सव प्रतिवर्ष धूमधाम से मनाई जाती है। इस बार भी इसके लिए ब्राह्मण समाज द्वारा व्यापक तैयारियां की गई थीं। इस बार युवा सदस्यों को आयोजन की जिम्मेदारी सौंपी गई थी। शोभायात्रा के पूर्व पडरौना कोतवाली के सामने जूनियर हाईस्कूल में भगवान परशुराम के चित्र पर पूजन अर्चन किया गया। शोभायात्रा के दौरान पूरा नगर जय परशुराम तथा हर हर महादेव के नारों से गूंजता रहा। नगर के जूनियर हाईस्कूल से निकाली गयी शोभायात्रा तिलक चौक, संगीत भवन, साहबगंज मोहल्ला होते हुए बावली चौक, सुभाष चौक के रास्ते पुनः जूनियर हाईस्कूल में आकर समाप्त हुई। इस मौके पर कार्यक्रम संयोजक राजेश पांडेय ने कहा कि भगवान परशुराम विष्णु के छठे अवतार थे। उन्होंने इस धरती को कई बार आतताइयों से मुक्त किया। उन्होंने संघे शक्ति कलयुगे की बात करते हुए ब्राह्मण समाज को संगठित होने का आह्ववान किया। कार्यक्रम को श्रीनाथ मिश्र ने सम्बोधित करते हुए कहा कि वर्तमान समय में ब्राह्मण समाज की खिलाफत पूरा समाज कर रहा है। हमारे ही देश में जहां हमने देश को आजाद कराने के लिए अपने प्राणों की बलि दे दी। वहां से ब्राह्मण भारत छोड़ो का नारा लगाया जा रहा है। यह देखकर बहुत दुख हो रहा है। हमें एकजुट होना पड़ेगा तथा एकजुट होकर अपने समाज के दबे कुचले लोगों को भी आगे लाना होगा। शोभायात्रा के दौरान आदित्य दीक्षित, दीपक मिश्रा, संजीव मिश्र, सुबोध मिश्र, सदाशिव मणि त्रिपाठी, नवनीत तिवारी, सुधीर त्रिपाठी, रोशन दीक्षित, सुमित, सत्यम मिश्र, आलोक चौबे, आनन्द मिश्र, प्रिंस मिश्र, ऋषिकेश मिश्र, अमरदीप शुक्ल, वेद प्रकाश पांडेय, बीएन पांडेय, प्रभाकर पांडेय, सर्वेश तिवारी, सुनील दीक्षित ग्राम प्रधान, टीएन मिश्र, बृजेश पाण्डेय, राजन, आदित्य चौबे, गंगाधर मिश्र, शम्भू राय, पिंटू राय, एडवोकेट बीके पांडेय, विधायक मनीष जायसवाल, विनय जायसवाल, प्रद्युम्न पांडेय, आशुतोष उपाध्याय, रितिक शुक्ला, धनन्जय पाण्डेय, भीम दुबे, गिरिजेश उपाध्याय सहित शोभायात्रा में बड़ी संख्या में ब्राह्मण बंधु उपस्थित रहे।

# दो बाइक की टक्कर, युवक की मौत

## बालक और होमगार्ड की हालत गंभीर, गोरखपुर मेडिकल कॉलेज रेफर

फरेंदा। कस्बे के महराजगंज मार्ग पर छतरी चौराहे पर दो मोटरसाइकिल की टक्कर में युवक की मौत हो गई, जबकि बालक और होमगार्ड गंभीर रूप से घायल हो गए। उन्हें नजदीकी अस्पताल पहुंचाया गया। डॉक्टरों ने दोनों को मेडिकल कॉलेज गोरखपुर रेफर कर दिया। बृजमनगंज थाना क्षेत्र के नैनसर जगन्नाथपुर निवासी संजय चौहान (32) अपने पुत्र राहुल (7) के साथ बाइक से फरेंदा क्षेत्र के मथुरानगर अपनी बहन के घर जा रहे थे। अभी छतरी चौराहे पर पहुंचे थे कि सामने से आ रही बाइक से टक्कर हो गई। जिसमें दूसरे बाइक पर सवार होमगार्ड गोविंद (35) निवासी ताल्ही पुरंदरपुर भी घायल हो गए। घटना के बाद स्थानीय लोगों ने तीनों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बनकटी ले गए। जहां पर इलाज के दौरान संजय चौहान की मौत हो गई। वहीं, राहुल और गोविंद को प्राथमिक उपचार के बाद मेडिकल कालेज गोरखपुर रेफर कर दिया गया। इधर, युवक के मौत की खबर मिलते ही परिवार में कोहराम मच गया। सूचना मिलते ही परिजन अस्पताल पहुंच गए। प्रभारी निरीक्षक सत्येंद्र कुमार राय ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। घायलों को मेडिकल कालेज रेफर कर दिया गया। तहरीर मिलने पर कार्रवाई की जाएगी।

पेंटिंग के काम के सिलसिले में बहन के घर जा रहे थे संजय

फरेंदा। कस्बे के छतरी चौराहे पर दो बाइक की टक्कर में संजय की मौत से पूरा माहौल गमगीन हो गया है। वह पेंटिंग का काम करते थे। शनिवार को मथुरानगर में बहन के वहां पेंटिंग के काम के सिलसिले में जा रहे थे। रास्ते में हादसे का शिकार हो गए। पति की मौत व बेटा के गंभीर रूप से घायल होने की सूचना पत्नी अन्नू को मिली तो वह बेसुध हो गई। महिलाएं पानी की छींटे मार कर होश में लाने का प्रयास कर रही थी। वहीं, मृतक की मां शाति देवी बेटे की मौत की सूचना पर बदहवाश हो गईं। पिता रामलौटन बेटे के शव को एकटक निहार रहे थे।

फरेंदा थाने में तैनात हैं होमगार्ड गोविंदः दो बाइक की आमने–सामने की टक्कर में घायल होमगार्ड गोविंद फरेंदा थाने में तैनात हैं। वह ड्यूटी के सिलसिले में फरेंदा आ रहे थे। जहां पर हादसे का शिकार हो गए। उनके घायल होने की सूचना मिलते ही परिजन पहुंच गए।

बिना हेलमेट की यात्रा बन रही जानलेवाः प्रभारी निरीक्षक सत्येंद्र कुमार राय ने बताया कि दो पहिया वाहन चलाते समय हेलमेट का प्रयोग करना बेहद जरूरी होता है। ऐसे में बिना हेलमेट की यात्रा करना जानलेवा साबित हो रहा है। युवकों का आए दिन बाइक दुर्घटना में मौत हो रही है। हेलमेट पहनने के लिए जागरूकता अभियान चलाया जाता है, लेकिन युवा बातों की अनदेखी कर रहे हैं। जिसका परिणाम है कि दुर्घटना में उनकी मौत हो रही है।

## पृथ्वी को बचाने के लिए पौधरोपण आवश्यक

कुशीनगर। विश्व पृथ्वी दिवस के अवसर पर नयी दिशा पर्यावरण सेवा संस्थान द्वारा बढ़ते प्रदूषण से पृथ्वी को बचाने के लिए कसया स्थित कसाडा परिसर में वृहद पौधरोपण का आयोजन किया गया। जिसमें कसया तहसील प्रशासन, नगर पालिका परिषद, वन विभाग सहित नगर के आम जन ने बढ़ चढ़कर सहभागिता की और पौधरोपण किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुये तहसीलदार मान्धाता प्रताप सिंह ने कहा कि पृथ्वी ही एकमात्र ऐसा ग्रह है। जहां जीवन संभव है। लेकिन बढ़ते प्रदूषण के कारण यहां भी अब जीवन संकट ग्रस्त हो रहा। ऐसे में पृथ्वी को बचाने के लिए प्रदूषण फैलाने वाली चीजों का प्रयोग कम करते हुये अधिकाधिक मात्रा में पौधे लगाने और बचाने होंगे। कार्यक्रम को क्षेत्रीय वन अधिकारी अखिलेश दुबे, ईओ प्रेम शंकर गुप्ता, डॉ0 गौरव तिवारी, डॉ0 निगम मौर्य, आशुतोष मिश्र आदि ने भी संबोधित किया। कार्यक्रम का संचालन करते सचिव डॉ0 हरिओम मिश्र ने कहा कि पृथ्वी के महत्व को समझने और इसके प्रति अपने कर्तव्यों का निर्वहन करने हेतु हर साल 22 अप्रैल को पूरी दुनिया एक निश्चित थीम के साथ पृथ्वी दिवस मनाती है। इस साल का थीम इन्वेस्ट इन आवर प्लैनेट है। उपस्थित लोगों का स्वागत संयुक्त सचिव सीए अंजनी नंदन सिंह व आभार अभिषेक श्रीवास्तव ने किया। इस अवसर पर बृजेश मणि, गोपाल तिवारी, आनंद मालवीय, हरेंद्र चौरसिया, श्रवण कुमार त्रिपाठी, ममता कश्यप, अशोक दुबे, अभिषांक शर्मा, रंजीत राय, शैलेष प्रताप सिंह, डॉ0 पवनेश मणि, रवि प्रताप सिंह, उमेश चंद्र गुप्ता, ममता शर्मा, अनामिका गुप्ता, मधुलिका पूजा, अनमोल तिवारी, सुरेश गुप्ता, राजकुमार गुप्ता, अम्बरीष, रमाशंकर, वीरू, झमन, दयानंद, कमलेश, सूरज आदि सैकड़ों लोग उपस्थित रहे।

# शान्ति पूर्ण तरीके से मनायी गयी ईद

कुशीनगर । मुकद्दस रमजान की इबादत के बाद ईद–उल–फितर शनिवार को उत्हाह, उमंग व शिद्दत के साथ मनाया गया। नगर के ईदगाह समेत जिले के सभी ईदगाहों में सुबह ईद की नमाज अता की गई। बारगाहे इलाही की इबादत में एक साथ हजारों सिर झुके। नौजवानों से लेकर बुजुर्गों ने देश में अमन–चौन व अपनो की सलामती की दुआ मांगी। इस मौके पर मुस्लिमों ने अल्लाह की बारगाह में सजदे किए व माह–ए–रमजान और ईद की खुशी देने पर अल्लाह तआला का शुक्र अदा किया। ईदगाहों के आसपास मेले जैसा माहौल रहा है। नमाज पढ़ने के बाद बच्चों ने खूब खरीदारी की। नमाजेदारों की सुरक्षा और शांति व्यवस्था के लिए पुलिस की तरफ से पुख्ता इंतजाम किए गए थे। गौरतलब है कि शनिवार को ईद को लेकर सुबह से ही उत्साही व रौनक दिखने लायक थी। लोग काफी उत्साहित नजर आ रहे थे। विशेष नमाज के लिए लोग सुबह से तैयारियां कर रहे थे। नमाज का वक्त होने से पहले लोग नहा–धोकर, नए कपड़े पहनकर ईदगाह की ओर रुख कर लिया। नगर के नौका टोला, हथिसार मोहल्ला, खिरिया टौला, नोनिया पट्टी, गुफ्ती शहीद और छावनी समेत जिले के सभी ईदगाह में लोग नमाज अदा करने के लिए पहुंचे। ईदगाह में नमाज से पहले जामा मस्जिद के पेश इमाम मुफ्ती रजाउल मुस्तफा ने बताया कि ईद का दिन अल्लाह की ओर से इनाम का दिन है। इस दिन रमजान में रोजा रखने वाले रोजेदारों के सभी गुनाहों को अल्लाह माफ कर देते हैं। उन्होंने कहा कि हर शख्स को अपने मुल्क से बेइंतिहा मोहब्बत करनी चाहिए। नमाज के बाद की गई दुआ में बुजुर्ग, बच्चों, महिलाओं और नौजवानों के साथ ही देश में चौन व अमन की दुआ मांगी गई। इसी तरह कप्तानगंज कस्बा समेत गांवों में ईद मनाया गया। मुस्लिम समाज के लोगों ने एक–दूसरे से गले मिलकर ईद की मुबारकबाद दी। सुरक्षा और शांति व्यवस्था के लिए पुलिस कर्मी तैनात रहे। तमकुहीराज तहसील क्षेत्र के ईदगाहों और मस्जिदों में शनिवार को अकीदत के साथ ईद की नमाज अदा कर मुल्क व आवाम की सलामती के लिए दुआएं मांगी गई। सेवरही पुलिस की तरफ से ईदगाहों और मस्जिदों में सुरक्षा का पुख्ता इंतजाम किए गए थे। तुलसीनगर स्थित रजा जामा मस्जिद में सुबह 7रू30 बजे और टिकुलिया के ईदगाह में सुबह आठ बजे मौलाना कारी जिकरुल्लाह ने ईद की नमाज अदा कराई। तुर्कवलिया, पुरानी बाजार, जानकीनगर, पकड़ियार पूरबपट्टी, अवदान टोला आदि गांवों के ईदगाहों व मस्जिदों में ईद की नमाज अदा की गई। इनसेट– बच्चों में दिखा गजब का जोश – ईद के दिन सबसे अधिक उत्साह बच्चों में देखा गया। ईद की नमाज खत्म होते ही बच्चे अपने साथियों और दोस्तों के साथ त्योहार की खुशियां बांटते नजर आए। ईदी के रूप में मिले रुपयों को बच्चों ने झूले व खानपान पर खर्च किए। ईद की नमाज के बाद शहर भर में दावतों का दौर चलता रहा। शहर की मुस्लिम बस्तियों में लोगों का लगातार आना–जाना रहा। इस खास दिन लोगों ने सेवई के साथ ही अन्य पकवानों का लुत्फ उठाया।

## कसया पुलिस ने चोरी के मुकदमे में वांछित 2 अभियुक्तों को गिरफ्तार कर भेजा जेल

कुशीनगर । जनपद के कसया पुलिस द्वारा चोरी के मुकदमे में वांछित 02 अभियुक्तों को चोरी के सामान के साथ गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है। पुलिस अधीक्षक धवल जायसवाल के निर्देशन में अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में कसया पुलिस द्वारा मुखबिर की सूचना पर चमन चौराहे के पास से मु0अ0सं0 313ध्2023 धारा 379 भादवि0 में वांछित दो अभियुक्त विकास यादव पुत्र हीरा यादव निवासी गुरमिया माफी टोला थाना कसया, अजीत गोड़ पुत्र विनोद गोड़ निवासी गुरमिया माफी टोला थाना कसया को गिरफ्तार कर उनके निशानदेही पर चोरी की 01 अदद लोहे की रैक बरामद किया गया। बरामदगी व गिरफ्तारी के आधार पर उपरोक्त मुकदमे में धारा 411 भादवि0 की बढ़ोत्तरी कर पुलिस ने गिरफ्तार अभियुक्तों को जेल भेज दिया।

# भागवत कथा से होता है मानवों का उत्थान:अरूण कृष्ण शास्त्री

दैनिक बुद्ध का सन्देश

सोनभद्र ।घोरावल ब्लॉक के खटौली गांव में ग्रामवासियों के तत्वावधान में चल रही सप्त दिवसीय श्रीमदभागवत कथा ज्ञान यज्ञ के छठवे दिन कथा व्यास परम् पूज्य अरुण कृष्ण शास्त्री जी महाराज ने बताया कि भागवत कथा से सभी मानव जीव का लोक और परलोक सुधार जाता है ।महाराज जी ने एकादशी व्रत के महत्व को बताते हुए कहा कि दशो इंद्रियों और मन को भगवान के चरणों मे लगाना ही एकादशी है ।जीव के बुद्धि से व्याप्त अज्ञान को दूर करना ही भगवान की चिर हरण लीला है ।भगवान जीव के अज्ञान को दूर कर अपने भक्तो को अपने चरण से जोड़कर उद्धार कर देते हैं ।जिससे जीव परम शक्ति को प्राप्त होता है ।जीवात्मा और परमात्मा के सहयोग के पावन लीला को महा रास लीला कहते हैं ।जब तक वेद शास्त्र और भागवत पुराण की कथा इस धरा पर होती रहेगी तब तक सुख,शक्ति और समृद्धि बनी रहेगी ।चोरी,हत्या,पाप,दुराचार को दूर करने का सबसे सरल साधान है भागवत कथा ।उन्होंने कथा के दौरान कहा कि जिस व्यक्ति का मन अनेक प्रयास करने से भी शुद्ध नही होता वह भागवत कथा के श्रवण से सहज ही शुद्धता की ओर अग्रसर होता है ।उद्धव चरित्र का वर्णन जिसमे प्रेम की महिमा का वर्णन हुआ जिससे भक्त मन्त्र मुग्ध हुए,रुक्मिणी विवाह की कथा,झांकी और भजनों का भी सभी भक्तों ने आनंद लिया ।इस आयोजन में मान सिंह,विकास सिंह,प्रमोद मिश्रा,राजू सिंह,संतोष मिश्रा,अभिषेक मिश्रा,विजय मिश्रा,संजय मिश्रा,रवि,गौरव एंव देवानंद आदि लोग उपस्थित रहे।



# ब्राह्मण समाज ने मनाई भगवान परशुराम जयंती

दैनिक बुद्ध का सन्देश

ओबरा(सोनभद्र) ।ओबरा स्थित ब्राह्मण समाज कार्यालय पर अखिल भारतीय ब्राह्मण समाज के तत्वावधान में रविवार को भगवान परशुराम जयंती श्रद्धा व उल्लास के साथ मनायी गयी ।सर्वप्रथम भगवान परशुराम के चित्र पर पुष्प अर्पित कर विधिा विधान मंत्रोंचारण के साथ पूजन,अर्चन कर कार्यक्रम का शुभारम्भ किया गया।

तत्पश्चात हवन आरती व प्रसाद वितरण कर कार्यक्रम सम्पन्न किया गया ।इस अवसर पर संरक्षक महेन्द्र पाण्डेय ने कहा कि भगवान परशुराम का जीवन तमाम मानव जाति के लिए प्रेरणाश्रोत है ।शास्त्र के साथ शस्त्र के धुरंधर भगवान परशुराम का जीवन अपने चारित्रिक विकास में धारण करने से ही समाज का कल्याण सम्भव है ।कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे ब्राह्मण समाज के अध्यक्ष नन्दलाल पाण्डेय ने कहा कि भगवान विष्णु के छठे अवतार भगवान परशुराम का जन्म वैशाख मास की शुक्ल पक्ष अक्षय तृतीया को हुआ था,हमें भगवान परशुराम के दिखाए मार्ग पर चलकर समाजिक व नैतिक शिक्षा पर बल देना चाहिए तथा सर्व समाज की भलाई के लिए सदैव प्रयत्नशील रहना चाहिए ।आचार्य अरविन्द शुक्ल ने वैदिक पद्धति से पुजन सम्पन्न कराया ।इस अवसर पर सचिव प्रभात पाण्डेय,उपसचिव देवानंद मिश्र,अनिल तिवारी,राजीव दूबे,कृष्ण मोहन तिवारी,डॉ एके पाण्डेय,डॉ एके शर्मा,एसएन पाण्डेय,नरसिंह त्रिपाठी,किशन त्रिपाठी,प्रेम चंद पाण्डेय,अगस्त शुक्ला, रमेश दूबे,नरेन्द्र नाथ त्रिपाठी,महेन्द्र तिवारी,महेश पाण्डेय,विवेक पाण्डेय,पुनीत पाण्डेय सहित तमाम ब्राह्मण बंधु उपस्थित रहे।




## साहित्यिक गतिविधियों को ले वातायन काव्य मंच का शुभारंभ

लखनऊ। लखनऊ महानगर की नवोदित साहित्यिक प्रतिभाओं को सार्थक मंच प्रदान करने के लिये वातायन काव्य मंच का शुभारंभ रविवार को आयोजित एक काव्य संध्या के माध्यम से हुआ। नेहरू एनक्लेव स्थित वातायन काव्य मंच की संस्थापिका कुमुद मिश्रा के आवास पर आयोजित प्रथम वातायन काव्य गोष्ठी का कुशल संचालन अहमदाबाद निवासिनी कवियित्री डा.शांति शर्मा ने किया ।भारत के सफल भूवैज्ञानिक और हिंदी कवि प्रमोद शंकर मिश्र श्प्रमोदश की स्मृति संध्या के रूप में आयोजित इस प्रथम वातायन कवि गोष्ठी में उनके परिजनों की मुख्य उपस्थिति रही। कवि प्रमोद के छह वर्षीय नाती आदित्य मुद्गल के द्वारा प्रस्तुत गणेश वंदना के उपरांत प्रारंभ इस कवि गोष्ठी में श्रीमती कुमुद मिश्रा, श्रीमती निशा मिश्रा, श्रीमती अनुमति शुक्ला,श्रीमती अनुरक्ति मुद्गल, श्रीमती अनुकृति मुद्गल,श्रीमती अर्चना त्रिपाठी,कुमारी जाह्नवी,श्रीमती अनुगीति गौड़ के अलावा कवि प्रमोद के नाती अन्वेष शुक्ला और भतीजे अनुराग मिश्रा आदि ने भी अपनी रचनाओं का पाठ किया। सायंकाल से प्रारंभ हुई प्रथम वातायन काव्य गोष्ठी की अध्यक्षता कर रहीं वरिष्ठ कवियित्री श्रीमती सुशीला मिश्रा ने अपने पति प्रकाश शंकर मिश्र श्प्रकाशश की एक प्रतिनिधि हिंदी रचना और गजल सुनायी ।कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में अहमदाबाद से आये टेक्सटाईल इंजीनियर विनोद शर्मा ने कवि प्रमोद के साथ अपने चार दशक लंबे संबंधों को याद करते हुए उनके सहृदय व्यक्तित्व और साहित्यिक क्षमताओं पर चर्चा की ।कवि प्रमोद के लखनऊ निवासी परिजनों में उनके दामाद मनीष शुक्ला और मनोज गौड़ ने अपने विचार व्यक्त किये ।लगभग चार घंटे तक चले इस साहित्यिक कार्यक्रम के सफल आयोजन में श्रीमती कुसुम सिंह और एसके सिंह ने अपना सक्रिय सहयोग दिया ।साहित्य संध्या के उपरांत पत्रकारों को जानकारी देते हुए वातायन काव्य मंच की संस्थापिका डा. कुमुद मिश्रा ने बताया कि लखनऊ में नवोदित बाल और युवा गीतकारों की प्रतिभाओं को सार्थक मंच देने के अलावा वरिष्ठ हिंदी कवियों और अन्य भाषाओं के चर्चित–अचर्चित रचनाकारों के जन्मदिवसों पर संक्षिप्त समारोहों और बौद्धिक परिसंवादों का आयोजन संस्था द्वारा किया जायेगा।

# कैंपेन सॉन्ग के माध्यम से पार्टी के उद्देश्यों को जनता को कराता है रूबरू: संजय सिंह

## आप पार्टी ने कैंपेन सॉन्ग के साथ निकाय चुनाव में भरी हुंकार

लखनऊ ।स्थानीय निकाय चुनाव में आम आदमी पार्टी कैंपेन सॉन्ग के साथ अब जनता के बीच जाएगी ।रविवार को यूपी प्रभारी सांसद सांसद संजय सिंह ने यूपी निकाय चुनाव के लिए कैंपेन सॉन्ग लांच किया है ।उन्होंने कहा कि आम आदमी पार्टी का कैंपेन सॉन्ग हमेशा से लोकप्रिय हुआ है। क्योंकि वह पार्टी उद्देश्य को सही ढंग से जनता के बीच पहुंचाने का कार्य करेगा। यूपी प्रभारी ने कहा कि 2015 के चुनाव की बात करें तो हमारा नारा था पांच साल केजरीवाल और इस नारे ने लोगों को इतना प्रभावित किया की जनता ने अगले 5 साल के लिए अरविंद केजरीवाल को अपना मुख्यमंत्री चुना ।इसी तरह 2020 के चुनाव में आप का नारा था कि लगे रहो केजरीवाल और यही कारण था कि पिछले पांच साल का काम देखते हुए जनता ने अरविंद केजरीवाल को आगे भी सकारात्मक कार्य करने के लिए प्रोत्साहित किया और लगातार दूसरा मौका दिया ।उन्होंने कहा कि ठीक इसी प्रकार पंजाब चुनाव में हमने फिर कैंपेन सॉन्गलांच किया था और वहां 92 सीटें प्राप्त हुई। सांसद संजय सिंह ने कहा उत्तर प्रदेश नगर निकाय चुनाव में भी हम एक गीत लेकर आए हैं कि झाडू वाला आया कचरा साफ करेगा, केजरीवाल ही कचरा साफ करेगा और इस चुनावी गीत को हमारे बिहार के सांस्कृतिक प्रकोष्ठ के संगठन मंत्री नितेश सिंह निर्मल ने लिखा है जिसे अंतरा सिंह प्रियंका और लोकेश सिंह ने गाया है। सांसद संजय सिंह ने कहा कि हमारे सभी कार्यकर्ता और पदाधिकारी चुनाव अभियान में इस गीत के माध्यम से हर गली, मोहल्ले, वार्ड, घर–घर तक आप के उद्देश्यों को पहुंचाएंगे ।सांसद संजय सिंह ने किन्नर समाज से आने वाली अपनी प्रत्याशी पूनम किन्नर के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि पिछली बार पूनम किन्नर रायबरेली से खड़ी हुई थी और इन्हें 8500 हजार वोट मिला था और इस बार भी नगरपालिका रायबरेली से खड़ी हो रही थी लेकिन इनका पर्चा खारिज कर दिया गया। संजय सिंह ने कहा कि मैं योगी सरकार और राज्य निर्वाचन आयोग से कहना चाहता हूं कि इनका पर्चा खारिज न किया जाए क्योंकि अगर यह न्यायालय चली गई तो न्यायालय से सरकार को केवल फटकार ही सुनने को मिलेगी। उन्होंने कहा अगर राज्य सरकार चुनाव गलत ढंग से संपन्न करा भी देती है तो न्यायालय से इस चुनाव को रद्द कर कराया जाएगा। वहीं अपनी बात रखते हुए पूनम किन्नर ने कहा कि मेरे क्षेत्र में मेरे कार्य की प्रशंसा है और जनता का प्यार मिल रहा है लेकिन जाति को बाधा बना कर मेरा पर्चा खारिज कर दिया गया जबकि किन्नर समाज में जाति प्रमाण पत्र देने की कोई आवश्यकता नहीं होती है ।पूनम किन्नर ने कहा कि पिछले साल भी मैं चुनाव लड़ी थी तब किसी प्रकार का जाति प्रमाण पत्र नहीं मांगा गया था लेकिन आम आदमी पार्टी वहां से विजई होते हुए दिख रही थी इसलिए जाति को बाधा बनाकर मेरा नामांकन निरस्त कर दिया गया ।

## तृतीय वर्ष के परीक्षार्थियों का परीक्षा केंद्र बना श्याम महाविद्यालय सिंदुरिया चोपन

दैनिक बुद्ध का सन्देश

ओबरा(सोनभद्र)नगर के राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय ओबरा सोनभद्र के बीए,बीएससी,बीकॉम तृतीय वर्ष परीक्षा सत्र 2022–23 के परीक्षार्थियों का परीक्षा केंद्र श्याम महाविद्यालय सिंदुरिया चोपन बनाया गया है ।उक्त आशय की जानकारी देते हुए महाविद्यालय के प्राचार्य प्रोफेसर डॉ प्रमोद कुमार ने बताया कि नगर निकाय सामान्य निर्वाचन 2023 हेतु जिला प्रशासन द्वारा राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय का अधिग्रहण कर लिया गया है ।इस वजह से ओबरा महाविद्यालय के स्नातक तृतीय वर्ष के परीक्षार्थियों का परीक्षा केंद्र श्याम महाविद्यालय सिंदुरिया चोपन बनाया गया है ।परीक्षार्थी अपना प्रवेश पत्र विश्वविद्यालय की वेबसाइट से डाउनलोड कर लें।

## श्रीमद भागवत कथा के पूर्व चिरहुली मे निकाली गयी कलश यात्रा

दैनिक बुद्ध का सन्देश

सोनभद्र ।रार्बटसगंज खण्ड विकास के ग्राम पंचायत चिरहुली मे अक्षय तृतीया के पर्व पर रविवार के दिन श्रीमद भागवत कथा के पुर्व बडे हर्षोल्लास के साथ कलश यात्रा निकाल कर कथा का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम मे मुख्य यजमान जनार्दन देव पांडेय उनकी पत्नी शकुन्तला देवी रही। जनपद प्रयागराज से पधारे प्रखाय्त कथा वाचक आचार्य शम्भू शरण ने क्षेत्रवासियो से अपील की सप्त दिवसीय कथा सायंकाल तीन बजे से रात आठ बजे तक चलेगी जिसमे भारी संख्या मे माता बहने खास कर युवा कथा का श्रवण करते हुए सनातन धर्म की रक्षा करने का संकल्प लेकर कथा को सफल बनावे।



## भगवान परशुराम के जन्मोत्सव पर हुआ भव्य आयोजन

लखनऊ ।भगवान परशुराम जन्मोत्सव के उपलक्ष्य में शनिवार को जगह जगह भव्य आयोजन किए गए। जिसमें वाराणसी के सामुदायिक भवन इंडियन इंस्टिट्यूट कॉलोनी पंडित दीनदयाल उपाध्याय नगर चंदोली में केंद्रीय ब्राह्मण महासभा की चंदौली इकाई द्वारा भगवान परशुराम के जन्मोत्सव पर भव्य आयोजन किया गया ।कार्यक्रम में मुख्य अतिथि प्रोफेसर विशंभर नाथ मिश्र महंत संकट मोचन एवं उत्तर प्रदेश सरकार के आयुष मंत्री डॉ दयाशंकर मिश्र उर्फ दयालु थे। वहीं कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि प्रोफेसर जेएस त्रिपाठी प्रजा नाथ शर्मा सूर्यमणि तिवारी डॉ मंजू लता त्रिपाठी आनंद उपाध्याय डॉ अरुण कुमार उपाध्याय आदि थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता केंद्रीय ब्राह्मण महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष पंडित कमलाकांत उपाध्याय ने किया। मुख्य अतिथि ने भगवान परशुराम के जीवन पर प्रकाश डाला और उनके द्वारा समाज के उत्थान के लिए किए कार्यों को भी बताया। कार्यक्रम का संचालन पंडित अरविंद कुमार चतुर्वेदी ने किया । कार्यक्रम में मुख्य रूप से एनके चतुर्वेदी,सुरेंद्र नाथ पांडे,श्रीधर उपाध्याय,संतोष पांडे,रविकांत चौबे, सुनील कुमार पांडे,स्नेह द्विवेदी,कमलेश तिवारी, समेत मौके पर उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संपूर्ण आयोजन पंडित दीनदयाल उपाध्याय नगर चंदौली के जिला अध्यक्ष पंडित केडी मिश्रा और जिला महामंत्री पंडित विशेश्वर मिश्र एवं अन्य पदाधिकारीयों की सहभागिता में किया गया।

## जनपद सिद्धार्थनगर के महत्वपूर्ण नम्बर

| | |
|---|---|
| जिलाधिकारी | मो0:– 9454417530 |
| मुख्य विकास अधिकारी | मो0:– 9454464749 |
| एस डीएम नौगढ़ | मो0:– 9454415936 |
| एस डीएम बांसी | मो0:– 9454415937 |
| एस डीएम डुमरियागंज | मो0:– 9454415939 |
| एस डीएम इटवा | मो0:– 9454415939 |
| एस डीएम शोहरतगढ़ | मो0:– 9454415940 |
| पुलिस अधीक्षक | मो0:– 9454400305 |
| थाना मोहाना | मो0:– 9454404239 |
| थाना जोगिया उदयपुर | मो0:– 9454404235 |
| थाना गोलौरा | मो0:– 9454404233 |
| थाना पथरा बाजार | मो0:– 9454404240 |
| थाना त्रिलोकपुर | मो0:– 9454404243 |
| थाना उसका बाजार | मो0:– 9454404244 |
| थाना शोहरतगढ़ | मो0:– 9454404241 |
| थाना खेसरहा | मो0:– 9454404236 |
| थाना इटवा | मो0:– 9454404234 |
| थाना चिल्हिया | मो0:– 9454404229 |
| थाना ढेबरूआ | मो0:– 9454404230 |
| थाना भवानीगंज | मो0:– 9454404228 |
| थाना मिश्रौलिया | मो0:– 9454404238 |
| थाना सि0नगर | मो0:– 9454404242 |
| थाना डुमरियागंज | मो0:– 9454404232 |
| थाना लोटन | मो0:– 9454404237 |
| महिला थाना | मो0:– 9454404891 |

राष्ट्रीय दैनिक बुद्ध का संदेश

बुद्ध का संदेश
(हिन्दी दैनिक समाचार पत्र)
स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक एवं मुद्रक श्रीमती पुष्पा शर्मा द्वारा बुद्धा प्रिन्टर्स , ज्योति नगर मधुकरपुर, निकट–हीरो होण्डा एजेन्सी, जनपद–सिद्धार्थनगर (उ0प्र0) 272207 से मुद्रित एवं प्रकाशित।
आर.एन.आई. नं.–UPHIN/2012/49458
संस्थापक
स्व. के.सी. शर्मा
सम्पादक
राजेश कुमार शर्मा
9415163471, 9453824459
दैनिक बुद्ध का संदेश
9795951917,9415163471
@budhakasandesh
budhakasandeshnews@gmail.com
www.budhakasandesh.com
इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पी.आर.बी.एक्ट. के अन्तर्गत उत्तरदायी तथा इनसे उत्पन समस्त विवाद जनपद–सिद्धार्थनगर न्यायालय के अधीन ही मान्य होगा।

# स्वस्थ और स्वच्छ जीवन का आधार बनेंगे, अमृत सरोवर:केशव प्रसाद मौर्य

लखनऊ। उत्तर प्रदेश उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने कहा कि अमृत सरोवर लोगों के स्वस्थ और स्वच्छ जीवन का आधार बनेंगे, वाटर रिचार्जिंग के तो अच्छे स्रोत बनेंगे ही, ग्रामीणो के जीवन में खुशहाली लाने का माध्यम बनेंगे। गांवो में पानी की कमी नहीं होगी। यहां पर हो रहे वृक्षारोपण से हरियाली रहेगी, शुद्ध प्राणवायु मिलेगी, इनकी देखभाल से तालाबो पर अवैध अतिक्रमण नहीं होगा, ग्रामीणों व ग्राम सभा की यह सार्वजनिक सम्पत्ति, एक ग्रामीण तीर्थ स्थल, ग्रामीण पर्यटन केन्द्र बनेगी। देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विजन और जन आकांक्षाओं के अनुरूप उत्तर प्रदेश में लक्ष्य से दोगुना अमृत सरोवरो का निर्माण किया गया है और उत्तर प्रदेश देश में प्रथम स्थान पर है। उत्तर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने लखनऊ के गोसाईगंज ब्लॉक के काजीखेड़ा ग्राम पंचायत में अमृत सरोवर पर आयोजित सेल्फी विद अमृत सरोवर महा जन –अभियान का शुभारंभ करते हुए उक्त उद्गार व्यक्त किए। उत्तर प्रदेश में सभी जिलों में ग्रामीण अमृत सरोवरो पर सेल्फी विद अमृत सरोवर कार्यक्रम का भव्य आयोजन किया गया। उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने जल और पर्यावरण संरक्षण के प्रति लोगों को सचेत करते हुए प्रेरक संदेश दिये और विश्व पृथ्वी दिवस पर ग्रामीणों को जल संरक्षण और पर्यावरण संरक्षण के प्रति संकल्प दिलाया उन्होंने जल संरक्षण के साथ पर्यावरण संरक्षण और स्वच्छता पर विशेष जोर दिया तथा विश्व पृथ्वी दिवस पर ग्रामीण अमृत सरोवरो पर आयोजित सेल्फी विद अमृत सरोवर कार्यक्रम के माध्यम से स्वच्छ भारत–स्वस्थ भारत के संदेश को जन जन तक पहुंचाने की अपील की। सेल्फी विद अमृत सरोवर को सोशल मीडिया में जमकर पोस्ट करते हुए टैग किया गया। उप मुख्यमंत्री ने कहा कि अमृत सरोवरो को पर्यटन केन्द्र के रूप में विकसित करें।

# क्या आप भी कोल्ड ड्रिंक की बोतल में पानी भरकर रखते हैं? अगर हां तो इस वजह से आज ही बंद कर दें



हम भारतीय काम से ज्यादा जुगाड़ के लिए जाने जाते हैं. किसी भी काम को जल्दी और आसानी से करने के लिए हम तरह–तरह के जुगाड़ का इस्तेमाल करते हैं. जैसे खत्म हो रहे टूथपेस्ट से पेस्ट निकालना हो या पजामा में नाड़े डालने का काम पेन के जरिए करना हो. हमारे पास हर प्रॉब्लम का एक खास जुगाड़ होता है. इसी जुगाड़ के जरिए हम हर काम करने की कोशिश करते हैं.

कोल्ड ड्रिंक की बोतलों में पानी

गर्मी आते ही फ्रिज को हम पानी और कोल्ड ड्रिंक से भर देते हैं. घर में गेस्ट आए या घर के ही लोग ज्यादा से ज्यादा पानी पीते हैं. फ्रिज में फैंसी बोतलों के साथ कोल्ड ड्रिंक के बोतल में भी पानी भरकर रख दिया जाता है. ऐसा हम भारतीय इसलिए करते हैं क्योंकि हमें लगता है कि कोल्ड ड्रिंक की बोतल तो अभी एकदम नई है. इसमें कुछ दिन पानी डालकर इसका यूज किया जा सकता है. लेकिन आपकी जानकारी के लिए बता दें कि आपका यह जुगाड़ आपकी हेल्थ के लिए बेहद खतरनाक साबित हो सकता है. इसलिए ऐसा करने से एकदम परहेज करें.

इससे होते हैं हेल्थ को गंभीर नुकसान

कोल्ड ड्रिंक हो या मिनरल वॉटर की बोतल उसमें कई दिनों तक अगर आप पानी भरकर रखते हैं तो इसका नुकसान सीधा आपके सेहत पर पड़ेगा. दरअसल, इन बोतलों में अगर आप काफी लंबे वक्त पानी भरकर रखते हैं तो इसमें फ्लोराइड और आर्सेनिक जैसे खतरनाक तत्व बनने लगते हैं. इससे शरीर को काफी ज्यादा नुकसान पहुंचता है. साइंटिस्ट का मानना है कि यह शरीर के लिए स्लो पॉइजन है.

कैंसर होने का खतरा रहता है

रिपोर्ट्स के मुताबिक प्लास्टिक के बोतल में रखे पानी सीधा आपकी इम्युनिटी पर हमला करती है. इसलिए कहा जाता है कि महंगी से महंगी प्लास्टिक के बोतल में पानी न पिएं. क्योंकि पलास्टिक के बोतल में पैदा हुए कैमिकल शरीर पर गहरा असर डालता है. प्लास्टिक में मौजूद फैथलेट्स जैसे केमिकल लिवर पर गंभीर रूप से असर करती है. और यह लिवर को बीमार भी कर सकती है. ज्यादा देर तक प्लास्टिक के बोतल में पानी रखने से बीपीए पैदा होता है. बीपीए एक ऐसा केमिकल है जो शरीर में मोटापा, डायबिटीज और दूसरी कई तरह की बीमारियों का कारण बन सकती है. इसे बाइफिनाइल ए कहा जाता है. प्लास्टिक के बोतल में रखे पानी पर सूरज की रोशनी पड़ती है तो वह धीरे–धीरे उसे जहर बनाने लगती है. और यह कैंसर का कारण भी बन सकता है.

## आयुष शर्मा ने किया अपनी आगली फिल्म रुस्लान का ऐलान, मोशन पोस्टर जारी

लवयात्री और अंतिम के बाद, आयुष शर्मा अपनी आगामी मसाला एक्शन एंटरटेनर के साथ दर्शकों के सामने आने वाले हैं। जहां इस फिल्म को अस्थायी रूप से एएस04 कहा जा रहा था, अब



इसके टाइटल को रिवील कर दिया गया है। मेकर्स ने फिल्म का मोशन पोस्टर रिलीज किया है, जिसमें आयुष के फर्स्ट लुक के साथ, फिल्म का नाम बताया गया है, जो है– रुस्लान। वर्तमान में फिल्म की शूटिंग पूरी हो चुकी है और ये पोस्ट–प्रोडक्शन स्टेज में है। आयुष शर्मा के जन्मदिन पर पिछले साल, एक छोटे टीजर के साथ फिल्म की पहली झलक दिखाने के बाद, अभिनेता ने अब फिल्म के नाम का खुलासा किया है। मोशन पोस्टर का अनावरण करने से पहले, आयुष शर्मा ने कल रात अपने सोशल मीडिया पर शीर्षक के बड़े खुलासे की ओर इशारा करते हुए एक वीडियो शेयर किया था। मोशन पोस्टर आयुष शर्मा के रुसलान के रूप में उनके कैरेक्टर के जीवन के दो सबसे महत्वपूर्ण पहलुओं– गिटार और बंदूकों पर ध्यान आकर्षित करता है। केके राधामोहन द्वारा निर्मित, श्रीसत्यसाई आर्ट्स के बैनर तले, रुसलान में आयुष शर्मा मुख्य भूमिका में हैं, जिसमें सुश्री मिश्रा अपना डेब्यू करेंगी और जगपति बाबू और विद्या मालवडे महत्वपूर्ण भूमिकाओं में नजर आयेंगे। कात्यायन शिवपुरी द्वारा निर्देशित यह फिल्म 2023 में रिलीज होने के लिए तैयार है।






## बोल्ड होती जा रहीं हैं रोमियो जूलियट फेम हंसिका मोटवानी, शॉर्ट ड्रेस में देखकर फैंस के दिलों की धड़कनें तेज



टीवी से बतौर चाइल्ड आर्टिस्ट अपने करियर की शुरुआत करने वाली एक्ट्रेस हंसिका मोटवानी हमेशा अपने बोल्ड और ग्लैमरस फोटोशूट के कारण चर्चाओं में रहती हैं। एक्ट्रेस जब भी अपनी तस्वीरें इंस्टाग्राम पर शेयर करती हैं तो फैंस उनकी हॉटनेस को देख उनकी तारीफों के पुल बांधते नहीं थकते हैं। हाल ही में एक्ट्रेस की कुछ लेटेस्ट स्टनिंग लुक्स की तस्वीरों ने इंटरनेट का तापमान बढ़ा दिया है। हंसिका मोटवानी ने अपनी दमदार एक्टिंग और स्टाइलिश लुक्स से लोगों के बीच अपनी एक खास पहचान बनाई है। एक्ट्रेस जब भी अपनी तस्वीरें इंस्टाग्राम पर पोस्ट करती हैं तो वो फैंस के बीच अक्सर चर्चाओं का विषय बन जाती है। हाल ही में एक्ट्रेस ने अपने लेटेस्ट ग्लैमरस फोटोशूट की कुछ तस्वीरें सोशल मीडिया पर शेयर कर एक बार फिर इंटरनेट का टैम्परेचर हाई कर दिया है। हंसिका मोटवानी अपनी इन लेटेस्ट तस्वीरों में ग्रीन कलर के शॉर्ट्स और क्रॉप टॉप पहने हुए दिखाई दे रही हैं, साथ ही ड्रेसअप को और अच्छा निखारने के लिए एक्ट्रेस ने कोट भी कैरी किया है। हाई हील्स, खुले बालों को लहराते हुए और साथ ही न्यूड लिप्सटिक लगा कर एक्ट्रेस हंसिका ने अपने आउटलुक को कंप्लीट किया है। एक्ट्रेस अपनी इन तस्वीरों में एक से बढ़कर एक सेक्सी अंदाज में पोज देते हुए हॉट फोटोज क्लिक करवा रही हैं। उनके इस शानदार लुक को देखकर फैंस के दिलों की धड़कनें तेजी से बढने लगी हैं। हंसिका मोटवानी जब भी अपनी तस्वीरें इंस्टाग्राम पर शेयर करती हैं तो फैंस खूब सारा प्यार लूटाते हैं और कॉमेंट्स में उनकी हॉटनेस की तारीफ करते हुए रिस्पॉन्स भी देते हैं।

## राम चरण की आगामी फिल्म आरसी 16 में नजर आएंगी जाह्नवी कपूर, निभाएंगी अहम किरदार

दिवगंत अभिनेत्री श्रीदेवी के बेटी जाह्नवी कपूर बेहतरीन



अभिनेत्रियों में से एक हैं। बहुत ही कम समय में उन्होंने इंडस्ट्री में खूब नाम कमाया है। आने वाले वक्त में जाह्नवी एक से बढ़कर एक फिल्मों में नजर आने वाली हैं, जिसमें जूनियर एनटीआर की एनटीआर 30, बवाल, तख्त और मिस्टर एंड मिसेज माही शामिल हैं। इस बीच जाह्नवी के हाथ एक और बड़ा प्रोजेक्ट लगा है। रिपोर्ट के अनुसार, जाह्नवी राम चरण की आरसी 16 में मुख्य भूमिका में नजर आएंगी। जाह्नवी पहली बार राम चरण के साथ हाथ मिलाने के लिए निर्माताओं संग बातचीत कर रही हैं। उन्हें फिल्म में महिला प्रधान भूमिका निभाने के लिए संपर्क किया गया है। बुच्ची बाबू निर्देशित आरसी 61 को एक गांव आधारित फिल्म कहा जाता है, जो एक बाहरी मनोरंजन के रूप में बनाई गई है। उम्मीद की जा रही है कि सितंबर में राम चरण गेम चेंजर की शूटिंग खत्म करने के बाद आरसी 16 पर काम शुरू करेंगे। साउथ सुपरस्टार राम चरण अपनी फिल्म आरआरआर को मिली बंपर सक्सेस के बाद इन दिनों मालदीव में पत्नी संग चलिटी टाइम बिता रहे हैं। सुपरस्टार राम चरण आरआरआर के बाद निर्देशक शंकर की अपकमिंग फिल्म गेम चेंजर में बिजी हैं। जो अभी शूटिंग स्टेज पर है। इस फिल्म में सुपरस्टार राम चरण बॉलीवुड एक्ट्रेस कियारा आडवाणी संग ऑन स्क्रीन रोमांस करते दिखेंगे। अगर अदाकारा इस फिल्म को साइन करती हैं तो ये एक्ट्रेस जाह्नवी कपूर की अगली साउथ फिल्म होगी।

# चेहरे की रंगत निखार सकता है कच्चा दूध, इसे लगाने से मिलेंगे एक से एक कई जबरदस्त फायदे



महिलाएं अपनी स्किन को ग्लोइंग रखने के लिए तरह–तरह के प्रयास करती हैं. मार्केट में अवेलेबल एक से एक महंगे–महंगे ब्यूटी प्रोडक्ट्स का इस्तेमाल करती हैं. बाहरी प्रोडक्ट के इस्तेमाल से आपको भले ही शुरुआत में फायदे देखने को मिले. लेकिन ये फायदे सिर्फ तभी तक बरकरार रह पाएंगे, जब तक कि आप इन प्रोडक्ट्स का रेगुलर इस्तेमाल करेंगे. कुछ लोग त्वचा की रंगत निखारने के मामले में घरेलू नुस्खों पर ज्यादा भरोसा करते हैं. घर में मौजूद फायदेमंद चीजें आपको लंबे समय के लिए निखार दे सकती हैं और सबसे अच्छी बात तो यह है कि इनसे एलर्जी या साइड इफेक्ट होने का खतरा भी बहुत कम रहता है.

आपने कई बार लोगों को चेहरे पर कच्चे दूध का इस्तेमाल करते देखा होगा. क्या आप जानते हैं कि चेहरे पर कच्चे दूध का इस्तेमाल क्यों किया जाता है? दरअसल स्वास्थ्य के लिए फायदेमंद होने के साथ–साथ दूध स्किन के लिए भी काफी फायदेमंद है. चेहरे पर दूध लगाने से न सिर्फ चेहरे पर निखार आता है, बल्कि इसपर जमी गंदगी भी साफ हो जाती है. आइए जानते हैं कि चेहरे पर कच्चा दूध लगाने से आपको कैसे–कैसे फायदे मिल सकते हैं?

चेहरे पर कच्चा दूध लगाने के फायदे

1. पिंपल्स को कर सकता है दूररू दूध बंद रोमछिद्रों की गहराई से सफाई करके गंदगी को निकाल बाहर फेंकता है. इतना ही नहीं, पिंपल्स का कारण बनने वाले बैक्टीरिया का भी सफाया करता है. कच्चे दूध को चेहरे पर लगाने से पिंपल्स को ठीक करने में मदद मिल सकती है. ये एक्जिमा का भी इलाज कर सकता है.

2. स्किन टोनर का करता है कामरू कच्चा दूध स्किन को टोन करने में मददगार है. कच्चे दूध को शहद, हल्दी और दही के साथ मिलाकर भी चेहरे पर अप्लाई किया जा सकता है. कच्चे दूध के इस फेस मास्क से स्किन की गहराई तक सफाई होगी और चेहरे पर निखार आएगा.

3. त्वचा को करता है मॉइस्चराइजरू दूध में बायोटिन सहित कई मॉइश्चराइजिंग गुण होते हैं. इसे चेहरे पर लगाने से बेजान, फटी सूखी और मुरझाई त्वचा को भरपूर पोषण मिलता है. ये आपकी त्वचा को भीतर से मॉइस्चराइज करता है.

4. स्किन को एक्सफोलिएट करने में मददगाररू कच्चे दूध में एक एक्सफोलिएटिंग एजेंट मौजूद होता है, जिसे बीटा हाइड्रॉक्सी एसिड कहा जाता है. यह आपकी स्किन को एक्सफोलिएट करने में मदद करता है और डेड स्किन सेल्स के साथ–साथ व्हाइटहेड्स और ब्लैकहेड्स को भी रिमूव कर देता है.